वर्ष : 10 अंक : 337 डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 01 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू, नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

# भजनलाल शर्मा की गिरिराज जी की सप्तकोशीय दंडवत यात्रा, प्रदेश के लोगों की खुशहाली और विकास की प्रार्थना

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से आज गिरिराज जी में भोजन प्रसादी वितरण का ऐतिहासिक आयोजन, पूछरी का लोटा में पत्नी और पुत्र के साथ किए भगवान के दर्शन









जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। जब किसी प्रदेश का मुखिया नए साल की शुरुआत अपने आराध्य देव के दर्शन से करें तो फिर समझ लो उस प्रदेश के सभी लोगों के जीवन में नए साल में खुशहाली आना बिल्कुल तय है क्योंकि ऋषि मुनियों और प्राचीन काल से ही यह मानता है कि जिस रियासत का राजा धार्मिक होता है दान पुण्य करता है और नियमित रूप से पूजा पाठ करके अपने दिन की शुरुआत करता है तो उसे प्रदेश की जनता भी खुश रहती है और वहां किसी भी तरह की कोई विपदा नहीं आती अब जिस तरह से भजनलाल शर्मा नए साल की शुरुआत अपने आराध्य देव गिरिराज जी के यहां से शुरू कर रहे हैं तो प्रदेश के साधु संत और बुद्धिजीवी लोगों में भी चर्चा है कि वर्ष 2026 का साल राजस्थान के लोगों के कल्याण और विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण और सुखदाई साबित होगा तथा प्रदेश तेजी से हर क्षेत्र में विकास करेगा क्योंकि प्रदेश के लोगों की खुशहाली की कामना और प्रदेश के हर क्षेत्र में तेजी से विकास करने की प्रार्थना के साथ बुधवार से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गिरिराज जी की सप्तकोशीय दंडवत यात्रा का आगाज किया है कड़ाके की ठंड घने कोहरे के बीच भजन लाल शर्मा ने बुधवार को दंडवत करते या यात्रा शुरू की है उनकी इस अनन्य भक्त श्रद्धा भाव को देखकर उनके सुरक्षा में तैनात पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी काफी चकित रह गए मुख्यमंत्री शर्मा यह सातकोशीय यात्रा दंडवत करते हुए पूरी करेंगे इसलिए बुधवार की पूरी रात दंडवत यात्रा करते हुए ही बीतने वाली है हालांकि मुख्यमंत्री शर्मा की सुरक्षा व्यवस्था को काफी मजबूत किया गया है पुलिस और प्रशासन से जुड़े तमाम बड़े अधिकारी उनके साथ दंडवत यात्रा में मौजूद हैं मुख्यमंत्री शर्मा की पत्नी और उनके बेटे भी उनके साथ इस यात्रा में मौजूद रहें ।

### पूछरी का लोटा में पत्नी और बेटे के साथ भगवान के किए दर्शन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बचपन और युवा अवस्था से ही नियमित रूप से गिरिराज जी के यहां दर्शन करने आते रहे हैं इनके पूर्वज और परिवार गिरिराज जी महाराज के अनन्य भक्त रहे हैं इसलिए अपने माता-पिता को बचपन से ही गिरिराज जी की सेवा करते हुए देखकर मुख्यमंत्री शर्मा के दिल और दिमाग में बचपन से ही गिरिराज जी महाराज की तस्वीर बस गई थी । इसलिए बचपन और युवावस्था से ही मुख्यमंत्री शर्मा नियमित रूप से गिरिराज जी के यहां दर्शन करने आते रहे हैं यहां पूछने का लोटा मंदिर के प्रति इन की अटूट श्रद्धा है जब शुरू में सरपंच हुआ करते थे तब भी यहां दर्शन करने आते थे। बाद में भारतीय जनता पार्टी को ज्वाइन करने के बाद और भरतपुर जिला भाजपा के संगठन में बड़े पदों पर रहने के दौरान भी शर्मा नियमित रूप से गिरिराज जी के दर्शन करने आते रहे जयपुर में सांगानेर में शिफ्ट होने के बाद भी मुख्यमंत्री शर्मा हमेशा नियमित रूप से गिरिराज जी के दर्शन करने जाते रहे मुख्यमंत्री बनने के बाद भी मुख्यमंत्री शर्मा नियमित रूप से गिर्राज जी महाराज के यहां जाते रहे हैं अब बुधवार को वर्ष 2025 साल का अंतिम दिन था इसलिए अपने नए साल की शुरुआत मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने आराध्य दे गिरिराज जी के दरबार से ही शुरू करने का निश्चय किया मुख्यमंत्री शर्मा बहुत ही धार्मिक प्रवृत्ति के हैं वे जानते हैं कि अगर नए साल की शुरुआत मंदिर और अपने आराध्य देव के यहां से शुरू की जाए तो फिर नए साल में खुशियां ही खुशियां हैं वर्तमान में एक तरह से प्रदेश की जनता के मुखिया हैं और जब किसी परिवार कामुखिया नए साल की शुरुआत अपने आराध्य देव के दरबार से शुरू करें तो फिर प्रजा का भला होना भी सुनिश्चित है ।

### विख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर भी भजन लाल शर्मा की करते रहते हैं हमेशा तारीफ

विख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर कई बार अपनी कथाओं में कई बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जमकर तारीफ कर चुके हैं पिछले दिनों जब जयपुर में ठाकुर की कथा चल रही थी उस कथा में भी उन्होंने मुख्यमंत्री शर्मा की तारीफ करते हुए कहा था कि भजन लाल शर्मा गिरिराज जी महाराज के पुराने भक्त हैं और काफी धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं इसलिए राजस्थान की जनता का भी अब कल्याण ही कल्याण होगा क्योंकि जब उनके राजा ही धार्मिक प्रवृत्ति के हो और उनके राजा पर गिरिराज जी महाराज की कृपा हो तो फिर प्रजा का भला होना तो निश्चित है ठाकुर ने यह भी कहा था कि भजन लाल शर्मा को जो यह पद मिला है यह पद गिरिराज जी महाराज जी की कृपा और आशीर्वाद से ही मिला है क्योंकि भगवान एक सच्चे भक्त की पुकार और प्रार्थना को हमेशा सुनते हैं इसलिए ठाकुर ने प्रदेश के लोगों से भी आग्रह किया कि वह सदाचारी और नियमित रूप से पूजा पाठ करें गायों को चारा खिलाएं गायों की सेवा करें गरीबों और निर्धन लोगों की मदद करें ठाकुर ने यह भी कहा था कि भजन लाल शर्मा ने अपने कार्यकाल में बहुत ही अच्छा कार्य करके दिखाया है उनके दिल में गरीब और गायों के लिए काफी सेवा भाव है इसलिए गिरिराज जी महाराज की भी उन पर असीम कृपा है ।

## इंस्पेक्टर राकेश बिश्नोई को दूसरी बार बड़ा सम्मान, पुलिस महानिदेशक डिस्क से सम्मानित

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं) प्रदेश के बीकानेर में नाल थाने के इंस्पेक्टर राकेश बिश्नोई को एक बार फिर से पुलिस महानिदेशक डिस्क से सम्मानित किया गया है । बिश्नोई अपने व्यवहार कार्यशैली नवाचार को लेकर आमजन के अलावा पुलिस विभाग में भी काफी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा अपराधियों के खिलाफ विपरीत और कठिन परिस्थितियों में भी बड़े-बड़े अभियानों को सफलतापूर्वक संपादित किया है जहां-जहां इन्हें जिम्मेदारी दी गई वहां वहां शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ अपराधों पर अंकुश लगाने में भी काफी सफल रहे इसीलिए बिश्नोई को पहले भी पुलिस महानिदेशक डिस्क से सम्मानित किया जा चुका है। एक बार फिर से इन्हें पुलिस महानिदेशक डिस्क से सम्मानित किया गया है जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर राकेश बिश्नोई जहां-जहां भी पोस्टेड रहे उन इलाकों में उन्होंने सामाजिक व्यापारिक और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों के साथ निरंतर संपर्क और संवाद बनाए रखा जिसकी वजह से एक तरफ जहां इलाके में शांति और कानून व्यवस्था बनाने में काफी मदद मिली तो दूसरी तरफ पुलिस को आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने में भी काफी मदद मिली। इसके अलावा बीट प्रणाली को मजबूती से सफलतापूर्वक संपादित करने में भी इनका अच्छा प्रयास रहा है तथा कठिन और विपरीत परिस्थितियों में खुद भी धैर्य और साहस रखते हुए अपनी ड्यूटी को ईमानदारी से अंजाम देते हैं और अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को भी इमानदारी से पुलिस का फर्ज निभाना की सीख देते हैं इसलिए इनके व्यवहार और वर्किंग स्टाइल हमेशा आमजन में भी चर्चित रही और आमजन भी उनके कार्यों से काफी खुश रहे इसीलिए पुलिस महानिदेशक डिस्क से एक बार फिर इन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया ।

## राहुल गांधी प्रियंका गांधी दिनभर शेर बाघ होटल में रहे, सोनिया गांधी नहीं आई


जयपुर टाइम्स



जयपुर(कासं) कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी बुधवार को वर्ष 2025 के अंतिम दिन पूरे दिन रणथंबोर अभ्यारण के शेर बाघ होटल के कमरे में ही रहे। हालांकि मंगलवार को राहुल गांधी प्रियंका गांधी प्रियंका गांधी रॉबर्ट वाड्रा और प्रियंका गांधी के के बेटे रेहान गांधी तथा रेहान गांधी की होने वाली अवीवा ने रणथंबोर अभ्यारण में बाघ सफारी का आनंद उठाया था । लेकिन बुधवार को यह सभी लोग होटल के कमरे में ही रहे पहले चर्चा थी कि प्रियंका गांधी के बेटे रेहान गांधी के सगाई समारोह में शामिल होने के लिए सोनिया गांधी भी बुधवार को रणथंभौर अभयारण्य में आ सकती हैं लेकिन बुधवार देर रात तक सोनिया गांधी नहीं आ पाई थी हालांकि बुधवार की रात तक भी गांधी परिवार की ओर से रेहान गांधी की सगाई समारोह के बारे में कोई अधिकृत जानकारी मीडिया के साथ शेयर नहीं की गई। लेकिन यह तय है कि नए साल के पहले दिन रेहान गांधी और उनकी गर्लफ्रेंड अवीवा बाग दोनों की सगाई का दस्तूर होगा जिसमें सिर्फ परिवारजन ही शामिल होंगे।

## फील्ड और जनता के बीच रहने वाले व्यक्ति को ही मिलेगा टिकट: अमित शाह

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कासं.)। भाजपा के चाणक्य और देश के गृहमंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम बंगाल में पार्टी के नेताओं को साफ कह दिया है कि वे सप्ताह में चार दिन तक स्ट्रीट कॉर्नर मीटिंग का आयोजन करें ताकि जनता में उनका और पार्टी का जुड़ाव हो उन्होंने साफ कहा कि विधानसभा चुनाव में फील्ड और जनता के बीच रहने वाले व्यक्ति को ही टिकट दिया जाएगा। अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों से काफी देर तक सामूहिक मीटिंग की और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर बंगाल में पार्टी को मजबूत करने की दिशा में कड़ी मेहनत से कार्य करने को कहा बैठक में प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष, शुभेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार सहित पार्टी के कई नेता मौजूद थे इसके अलावा पश्चिम बंगाल के पार्टी प्रभारी भूपेंद्र यादव सहित पार्टी के कई बड़े नेता भी मौजूद रहे उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिन से अमित शाह बंगाल में मौजूद है । बंगाल में उनकी मौजूदगी साफ बता रही है कि इस बार बंगाल में होने वाले चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तैयारी और योजना के साथ चुनाव मैदान में उतरने वाली है और न केवल चुनाव में हिस्सा लेगी बल्कि चुनाव में जीत हासिल करने के मकसद से भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति भी तैयार कर ली है इसी रणनीति के तहत अमित शाह ने मंगलवार को बाकायदा कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके बंगाल सरकार के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कई तरह के गंभीर आरोप लगाए और उन पर बंगाल में अराजकता और डर फैलाने का बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को और नेताओं को परेशान किया जाता है उन्हें डराया जा रहा है धमकाया जा रहा है उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 300 नेताओं की हत्या कर दी गई और करीब 3000 पार्टी के नेताओं को उनके गांव में नहीं आने दिया जा रहा तृणमूल कांग्रेस के नेता भाजपा कार्यकर्ताओं पर दबाव बना रहे हैं कि वे तभी अपने गांव आ सकते हैं जब उनके हाथ में तृणमूल कांग्रेस का झंडा हो अमित शाह ने साफ कहा है कि अगले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और जिस दिनभारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी उसे दिन से ही पश्चिम बंगाल में अच्छा वातावरण बनना शुरू हो जाएगा और पश्चिम बंगाल अपनी पुरानी संस्कृति कला से फिर आबाद होगा ।

## रेलवे की उपलब्धि: रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में

### कोटा-नागदा खंड पर वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने सीआरएस द्वारा निर्धारित 180 किमी प्रति घंटे की उच्च गति परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया

जयपुर टाइम्स



जयपुर(कासं.)। भारतीय रेलवे ने रेल सुरक्षा आयुक्त की देखरेख में स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का अंतिम उच्च गति परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह परीक्षण कोटा-नागदा खंड पर किया गया जिसमें ट्रेन ने 180 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की जो उन्नत और आत्मनिर्भर रेल प्रौद्योगिकी की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। परीक्षण के दौरान सवारी स्थिरता दोलन, कंपन व्यवहार ब्रेकिंग प्रदर्शन आपातकालीन ब्रेकिंग प्रणाली, सुरक्षा प्रणालियों और अन्य महत्वपूर्ण मापदंडों सहित व्यापक तकनीकी मूल्यांकन किए गए। उच्च गति पर ट्रेन का प्रदर्शन पूरी तरह संतोषजनक पाया गया और सीआरएस द्वारा परीक्षण को सफल घोषित किया गया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर उच्च गति परीक्षण का एक वीडियो साझा किया जिसमें कोटा-नागदा खंड पर 180 किमी प्रति घंटे की गति से वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के सफल सीआरएस परीक्षण को दर्शाया गया है। वीडियो में पानी से भरे गिलास की स्थिरता का प्रदर्शन भी दिखाया गया जिसमें पानी से भरे गिलास उच्च गति पर भी बिना छलके स्थिर रहे जो इस नई पीढ़ी की ट्रेन की उन्नत सवारी गुणवत्ता बेहतर सस्पेंशन और तकनीकी मजबूती को रेखांकित करता है। परीक्षण में इस्तेमाल की गई 16 कोच वाली वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी लंबी दूरी की यात्री यात्रा को ध्यान में रखकर बनाई गई है और इसमें अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं मौजूद हैं। इनमें आरामदायक स्लीपर बर्थ उन्नत सस्पेंशन सिस्टम स्वचालित दरवाजे आधुनिक शौचालय अग्नि सुरक्षा और निगरानी प्रणाली सीसीटीवी आधारित निगरानी डिजिटल यात्री सूचना प्रणाली और ऊर्जा-कुशल तकनीकें शामिल हैं। इन सुविधाओं का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और विश्व स्तरीय यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। सीआरएस हाई-स्पीड परीक्षण की सफल समाप्ति एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि है और वंदे भारत स्लीपर सेवाओं की शुरुआत का मार्ग प्रशस्त करती है।

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में प्रगति की 50वीं बैठक, विकसित भारत बनाने का दिया मंत्र

नई दिल्ली/जयपुर टाइम्स



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधार, प्रभावी क्रियान्वयन और व्यापक परिवर्तन बेहद जरूरी हैं। प्रगति मंच की 50वीं बैठक में उन्होंने पिछले एक दशक की यात्रा को ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और कहा कि इस अवधि में शासन की कार्यसंस्कृति में बड़ा बदलाव आया है, जिससे निर्णय लेने और योजनाओं को जमीन पर उतारने की गति तेज हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधारों का मतलब प्रक्रियाओं से आगे बढ़कर समाधान तक पहुंचना है। उन्होंने जोर दिया कि प्रक्रियाएं सरल हों, जीवन और कारोबार में आसानी बढ़े और सिस्टम ज्यादा अनुकूल बने। क्रियान्वयन में समय, लागत और गुणवत्ता तीनों पर समान ध्यान जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रगति के जरिए परिणाम आधारित शासन को मजबूती मिली है और अब इसे और गहराई तक ले जाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने प्रगति को पिछले दस वर्षों में भारत की शासन संस्कृति में आए गहरे परिवर्तन का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जब फैसले समय पर होते हैं, समन्वय मजबूत होता है और जवाबदेही तय होती है, तो सरकारी कामकाज की रफ्तार अपने आप बढ़ती है और उसका सीधा असर नागरिकों के जीवन में दिखता है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रगति सिर्फ एक समीक्षा बैठक नहीं, बल्कि टीम इंडिया की भावना और सहकारी संघवाद का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने सड़क, रेल, बिजली, जल संसाधन और कोयला जैसे क्षेत्रों की पांच अहम बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की, जो पांच राज्यों में फैली हैं और जिनकी कुल लागत 40,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

### पीएम श्री योजना की भी की समक्षा

पीएम श्री योजना की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे समग्र और भविष्य के लिए तैयार स्कूली शिक्षा का राष्ट्रीय मानक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजना का क्रियान्वयन ढांचागत नहीं, बल्कि परिणाम केंद्रित होना चाहिए। सभी मुख्य सचिवों से उन्होंने पीएम श्री योजना की कड़ी निगरानी करने और इन स्कूलों को राज्य सरकारों के अन्य स्कूलों के लिए बेंचमार्क बनाने को कहा। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को जमीनी दौरे कर मूल्यांकन करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रगति का विचार उनके गुजरात के मुख्यमंत्री रहते समय आया था। उस समय उन्होंने तकनीक आधारित जनशिकायत निवारण मंच शुरू किया था, जिससे अनुशासन, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इसी अनुभव ने आगे चलकर प्रगति का स्वरूप लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र में आने के बाद उसी भावना को राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति के माध्यम से लागू किया गया। बड़े प्रोजेक्ट, प्रमुख कार्यक्रम और जनशिकायत निवारण को एकीकृत मंच पर लाकर समीक्षा, समाधान और फॉलो-अप की व्यवस्था की गई, जिससे कामकाज में गति और पारदर्शिता बढ़ी।

### प्रगति के कारण हुए ये बड़े बदलाव

प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रगति आधारित पारिस्थितिकी तंत्र ने 85 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को गति दी है। 2014 से अब तक प्रगति के तहत 377 परियोजनाओं की समीक्षा हुई, जिनमें पहचाने गए 3,162 मुद्दों में से 2,958 यानी करीब 94 प्रतिशत का समाधान किया गया। इससे देरी, लागत बढ़ने और समन्वय की कमी में बड़ी कमी आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रगति के जरिए कई दशकों से अटकी परियोजनाएं पूरी हुईं। इनमें असम का बोगीबील रेल-सह-सड़क पुल, जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक, नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, भिलाई स्टील प्लांट का आधुनिकीकरण और गडरवारा व लारा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट शामिल हैं। ये सभी निरंतर निगरानी और बेहतर अंतर-सरकारी समन्वय का परिणाम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाना एक राष्ट्रीय संकल्प और समयबद्ध लक्ष्य है।

## रोटेरियन मुकुंद गुप्ता होंगे रोटरी क्लब ऑफ अलवर के वर्ष 2027-28 के अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर में वर्ष 2027-28 के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव दिनांक 30 दिसंबर 2025 को रोटरी चैरिटेबल ब्लड केंद्र में अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। रोटरी क्लब ऑफ अलवर की वर्षों पुरानी परंपरा, आपसी विश्वास और एकता का जीवंत उदाहरण है की 47 वर्षों से चल रहे क्लब के रोटेरियन मुकुंद गुप्ता को वर्ष 2027-28 के लिए अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चुना गया। अध्यक्ष बबिता खंडेलवाल ने रोटेरियन नरेन्द्र हीरावत व रोटेरियन निर्मल रस्तोगी को स्वेच्छा से अपना नामांकन वापस लेने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। क्लब की आम सभा में सचिव ऋषि मित्तल, कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, पूर्व प्रांतपाल क्रांति मेहता, पूर्व प्रांतपाल पवन खंडेलवाल, असिस्टेंट गवर्नर राजेश सिंघल पूर्व अध्यक्ष एम एम खंडेलवाल, केके खंडेलवाल, सुरेश गोयल, नीरज जैन, प्रमोद आर्य, ललित कुमार, मनीष जैन, सुरेश गुप्ता, जितेंद्र खुराना आगामी अध्यक्ष नीलू जैन सहित 150 सदस्य उपस्थित थे।

## सरस डेयरी ने की कलाकंद के दामों में भारी कमी




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान ने बताया कि नए साल पर उपभोक्ताओं की मांग अनुसार सरस डेयरी द्वारा बनाए जा रहे कलाकंद के दामों में भारी कमी की गई है। 1 जनवरी 2026 से सरस के 1 किलो कलाकंद की कीमत 425 रुपए प्रति किलो के स्थान पर 375 रुपए प्रति किलो होगी, इसी प्रकार आधा किलो कलाकंद की कीमत 215 के स्थान पर 190 होगी व 200 ग्राम पैक साइज में कलाकंद 95 की जगह 80 में उपलब्ध होगा। सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान ने कहा कि हम आगे भी इसी तरह आम उपभोक्ताओं को देखते हुए उन्हें सरस डेयरी द्वारा निर्मित दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादन उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

## धातु निर्मित मांझा के संबंध में निषेधाज्ञा जारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मकर संक्रांति व अन्य त्योहार को मद्देनजर रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं विद्युत संचालन बनाए रखने तथा पक्षियों के लिए बडे पैमाने पर खतरा बन चुके धातु निर्मित मांझा (पंतग उडाने के लिए पक्का धागा, नायलोन/प्लास्टिक मांझा, चाईनीज मांझा जो सिंथेटीक/टॉक्सीक मेटेरियल यथा आयरन पाउडर, ग्लास पाउडर का बना हो) की थोक एवं खुदरा बिक्री तथा उपयोग को जिले की राजस्व सीमा/क्षेत्राधिकारिता में निषेध/प्रतिबंधित करने तथा पतंग उडाने के दौरान पक्षियों को पतंग/मांझा से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक तथा सांय 5 बजे से 7 बजे तक की समयावधि में पतंगबाजी पर प्रतिबंध रखने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 31 जनवरी 2026 की मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने सभी नागरिकों को इस आदेश की पालना करने तथा आदेश की अवहेलना नहीं करने के निर्देश दिए हैं। जारी निषेधाज्ञा की अवहेलना या उल्लंघन किए जाने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 223 के तहत दण्डित किया जाएगा।

## लोहड़ी, मकर संक्रान्ति के पर्व पर कढी कचोरी प्रसाद का वितरण कार्यक्रम 11 जनवरी को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री श्याम नवयुवक मंडल विवेकानन्द चौक अलवर के तत्वावधान में 11 जनवरी 2026 रविवार को लोहड़ी, मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर कढी कचोरी के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष बॉबी नरुला ने बताया कि बाबा श्याम की कृपा,आशीर्वाद और मंडल के सदस्यों के सहयोग से श्री श्याम नवयुवक मंडल विवेकानन्द चौक अलवर की ओर से 11 जनवरी 2026, रविवार को लोहड़ी, मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर्व अशोका टाकीज विवेकानंद चौक पर बाबा श्याम को भोग लगाकर सुबह 10 बजे से बाबा की इच्छा तक कढी कचोरी के प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ, करो योग रहो निरोग का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के गिनाणी बास स्थित नामदेव मंदिर में योग सेवा समिति नामदेव मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क योग क्लास का शुभारंभ किया गया। योगाचार्य मोहनलाल शर्मा द्वारा योग के अनेक व्यायाम सीखाकर करो योग रहो निरोग का संदेश दिया जा रहा है। वार्ड में निशुल्क योग क्लास का शुभारंभ होने से सुबह 5:30 बजे से 7 बजे तक योग करवाया जाता है। जिसमें अनेक महिलाएं पुरुष व शहर से अनेक लोग यहां पहुंचकर योग क्लास में भाग ले रहे हैं। योग गुरु मोहनलाल शर्मा ने बताया कि आज के इस समय में जीवन में योग को उतरना जरूरी हो गया है। जिससे आदमी अनेक बीमारियों से दूर रहता है। योग को अपने जीवन में उतारने से शरीर स्वच्छ रहने के साथ-साथ निरोगी रहता है। इसलिए हर आदमी को सुबह-सुबह योग करना चाहिए। शुभारंभ के अवसर पर योग गुरु मोहनलाल शर्मा, अजय रोहिल्ला, पवन कुमार भोजक, संतोष दर्जी, विनोद दर्जी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन साइबर 'साइबर संग्राम 2.0:

# साइबर अपराधों एवं अपराधियों के खिलाफ अलवर पुलिस आज से चलाएगी विशेष अभियान, करेगी बड़ी कार्रवाई



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अब अलवर पुलिस 01 जनवरी 2026 वार गुरुवार से साइबर अपराधों एवं अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करेगी। जिला पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी ने बताया ने कि साइबर अपराधो की रोकथाम के लिए राज्य स्तर पर चलाये गये विशेष अभियान ऑपरेशन साइबर वज्र प्रहार की निरंतरता में अलवर जिले में साइबर अपराधियो के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही को और अधिक पेशेवर व प्रभावी बनाने के लिए साइबर अपराधो की रोकथाम एवं साइबर अपराध के प्रकरणों / परिवादो के त्वरित निस्तारण तथा साइबर जागरूकता के प्रचार-प्रसार हेतु 01जनवरी 2026 से जिले में विशेष अभियान ऑपरेशन साइबर 'साइबर संग्राम 2.0' चलाया जाना प्रस्तावित है। एसपी चौधरी ने बताया कि ऑपरेशन साइबर वज्र प्रहार के तहत साइबर अपराधियो द्वारा साइबर अपराध से अर्जित संपत्तियो को चिंहित कर 107 बीएनएसएस के तहत जप्त करने की विधिक कार्यवाही की जावेगी। ऑपरेशन साइबर वज्र प्रहार के तहत साइबर अपराधियों के विरूद्ध नियमानुसार धारा 111/112 बीएनएस के तहत कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन साइबर वज्र प्रहार के तहत साइबर अपराधियों के विरूद्ध प्रशिक्षित पुलिस अधिकारियो द्वारा, जारी की गई गोपनीय मानक संचालन प्रक्रिया का उपयोग करते हुए पेशेवर अनुसंधान कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया जावेगा।

### अभियान का उद्देश्यः

एसपी चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराधियों द्वारा प्रयुक्त कार्यप्रणाली (अपराध करने में प्रयुक्त तरीके) एवं जारी एडवाइजरी से आमजन को जागरूक करना। ऑपरेशन साइबर वज्र प्रहार के तहत साइबर फ्रॉड करने वाले अपराधियो के विरूद्ध गोपनीय रूप से सूचना देने के लिए व्हाटसअप मोबाईल नम्बर 8764874306 जारी किया जाता है। सूचना देने वाले की जानकारी गुप्त रखी जावेगी।ए4सी को और मजबूत किया जायेगा, 1930 पर और अधिक कार्यवाही की जायेगी व रिफ्ड राशि वापस परिवादी को दिलाई जायेगी।

### वर्ष 2025 की उपलब्धियां :

1. कुल संपत्ति संबंधी अपराधों में वर्ष 2025 में 30' की कमी हुई है व शहर में 33' की गिरावट आई। (पूरे जिले में 721 नबकजनी एवं चोरी की घटनाओं में कमी)
2. वर्ष 2025 में चोरी में 32' बरामदगी हुई।
3. वर्ष 2025 में लूट में 73' बरामदगी हुई।
4. संपत्ति संबंधी अपराधों में वर्ष 2025 में कुल 36' की बरामदगी हुई है।
5. 16 नई हिस्ट्रीशीट खेली गई।
6. जिलेभर में 76 अवैध हथियार एवं 122 कारतूस बरामद।
7. साईबर संग्राम 'कुल 276' प्रकरण दर्ज जो पिछले साल से दोगुना, 425 आरोपी गिरफ्तार, 27 सकिय सैन्टर चिन्हित, 04 करोड से अधिक की राशि होल्ड, 67 लाख के करीब राशि वापस परिवादी को दिलाई गई, 50 से अधिक म्यूल अकाउन्ट्स पर कार्यवाही, 10 पीओएस पर कार्यवाही।
8. साईबर जागरूकता के अन्तर्गत विभिन्न कॉलेज एवं स्कूलों में 02 लाख से अधिक लोगों को जागरूक किया गया।
9. सीआईआर पोर्टल के माध्यम से कुल 816 मोबाईल परिवादियों को लौटाये गये।
10. सडक दुर्घटना व मुत्यु में कमी लाई गई।
11. मोटर व्हीकल एक्ट में 1 लाख 12 हजार कार्यवाही की गई।
12. महिला अपराधों में 120 प्रकरण की कमी।
13. पेण्डेसी 9 प्रतिशत रही
14. आईटीएसएसओ दर में बढोतरी 63' शामिल है।

## राजस्थानी पुजारी महासंघ की ओर से निकली गई भव्य श्री राम ध्वज यात्रा




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भगवान श्री राम के दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान पुजारी महासंघ की ओर से निकाली गई भव्य श्री राम ध्वज यात्रा महासंघ के पं विवेकानन्द शर्मा ने बताया कि राजस्थान पुजारी महासंघ की ओर से श्री राम के अयोध्या में राम मंदिर का दूसरा स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशाल एवं भव्य श्री राम ध्वज यात्रा निकली गई जिसमें बड़ी श्रद्धा उत्सव पूर्वक बैंड बजे एवं डीजे के साथ श्रद्धालु बहन भाइयों ने हिस्सा लेकर इसे और भी सुंदर रूप दिया। राजस्थान पुजारी महासंघ के अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र पंडित एवं सभी कार्यकारणी के पदाधिकारियों के साथ ध्वज यात्रा में शामिल लगभग सभी मंदिर के पुजारियों ने सम्मिलित होकर अपना योगदान दिया और यह ध्वज यात्रा त्रिपोलिया से विधिवत पूजन अर्चना करके शहर के मुख्य बजाजा बाजार, होप सर्कस, घंटाघर, पंसारी बाजार होते हुए राज ऋषि अभय समाज के प्रांगण में पहुंची रास्ते में ध्वज यात्रा का विभिन्न संगठनों द्वारा ध्वज यात्रा का स्वागत किया गया बजाज बाजार हनुमान मंदिर पर मोनू शर्मा ने, होप सर्कस मंदिर के पुजारी राजेंद्र शर्मा ने होप सर्कस पर, घंटा घर पर विश्व हिंदू परिषद के विजेंदर, प्रेम गुप्ता ने किया। इस ध्वज यात्रा के समापन पर राज ऋषि अभय समाज में संगीत मय हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ हुआ एवं प्रसाद वितरण किया गया। आए हुए सभी मुख्य अतिथि सहित अति विशिष्ट अतिथियों का स्वागत भी किया गया इसमें राज ऋषि अभय समाज के जाने-माने कलाकार एवं राजस्थान सरकार द्वारा सम्मानित कलाकार अमृत खत्री का भी स्वागत किया गया। इस संपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज से पधारे गणेश प्रसाद मिश्रा और अति विशिष्ट अतिथि विशंभर दयाल वशिष्ठ, अध्यक्ष ब्राह्मण समाज एवं जयपुर से पधारे संजय कौशिक रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में लगभग सभी मंदिरों के पुजारी शामिल थे। इस ध्वज यात्रा में रघुवीर स्वामी, महेश चंद शर्मा, प्रदीप शर्मा, पंडित विवेकानन्द शर्मा, योगानंद शर्मा, कंचन शर्मा, श्याम सुंदर पाराशर, योगेश चंद शर्मा, रमाकांत शर्मा, मोनू शर्मा, योगेश चंद शर्मा, योगानंद शर्मा , राजकुमार शर्मा, केदार शर्मा, राकेश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, प्रभुदयाल शर्मा, विष्णु शर्मा, अंगद शर्मा, भागवत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सख्त कार्रवाई

## प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग निर्माण इकाई सील, 2500 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय भिवाड़ी द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कड़े कदम उठाते हुए खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट संख्या ॥1-694 पर संचालित मैसर्स नंदिनी इंटरप्राइजेज के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उक्त इकाई पर्यावरण विभाग की अधिसूचना दिनांक 21 जुलाई 2010 के अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग का निर्माण कर रही थी। शनिवार को राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सतत निगरानी के दौरान औद्योगिक इकाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि इकाई द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग का निर्माण किया जा रहा था। अधिसूचना के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर राज्य मंडल द्वारा मंगलवार को संबंधित उद्योग को बंद करने के निर्देश जारी किए गए। पर्यावरण विभाग की अधिसूचना के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को उद्योग परिसर में भंडारित लगभग 2500 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग जब्त किए गए। इस कार्रवाई के दौरान प्रदूषण नियंत्रण मंडल से रोहिताश बलाई, सुनील कुमार, अंकित वर्मा, तुषार अग्रवाल तथा RIICO यूनिट-II से गुरदीप सिंह उपस्थित रहे। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय अधिकारी अमित जुयाल ने कहा कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी, ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## अलवर सर्किल के खेड़ली सिटी द्वितीय में 33/11 केवी जीएसएस चालू

### नए जीएसएस से विद्युत आपूर्ति में होगा सुधार, उपभोक्ताओं को मिलेगी सुचारू विद्युत आपूर्ति



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आरडीएसएस योजना के अंतर्गत अलवर सर्किल के खेड़ली सिटी द्वितीय में मंगलवार को 33/11 केवी जीएसएस को सफलतापूर्वक चार्ज किया गया। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस बंसल ने बताया कि पहले खेड़ली सिटी क्षेत्र में केवल एक ही सब-स्टेशन कार्यशील था, जिसमें 11 केवी के 3 फीडर संचालित थे। नए जीएसएस के चालू होने से अब कुल 11 केवी के 6 फीडर उपलब्ध हो गए हैं। जिससे क्षेत्र के 22 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। बिजली आपूर्ति में सुधार होने से लो वोल्टेज तथा बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति हो सकेगी। साथ ही इस जीएसएस के चालू होने के बाद क्षेत्र में नए घरेलू, गैर-घरेलू तथा औद्योगिक बिजली कनेक्शन जारी किए जा सकेंगे, जिससे स्थानीय विकास एवं औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## पीएम मोदी के नाम सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सनातन सेवा न्यास की ओर से बुधवार को बांग्लादेश में हिंदू समाज पर बढ़ती हिंसा और कथित लक्षित हत्याओं के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी तत्वों की ओर से हिंदुओं और उनके मंदिरों व पूजा स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है, जिसमें दीपू चंद्र दास की पुलिस हिरासत से बाहर निकालकर हत्या और राजबाड़ी जिले में अमित मंडल (सम्राट) की नृशंस हत्या शामिल हैं। सनातन सेवा न्यास ने इन घटनाओं को गंभीर बताते हुए वहां के हिंदू समाज की सुरक्षा सुनिश्चित कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में सुजानगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष बंसीलाल प्रजापत, मुकेश मोयल, मालाराम प्रजापत, प्रहलाद शर्मा और गोपी चंद नाई शामिल रहे।

## भक्तों ने की गायों की सेवा

जयपुर टाइम्स

***राजलदेसर(निस)।** कस्बे में भद्रकाली शक्ति पीठ सिमसिया रोड में गुरुदेव अवधूत स्वामी विश्वेंद्र आश्रम जी महाराज का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर महाराज के शिष्यों ने श्रीनाथ नगर गौशाला पहुंचें। भद्रकाली शक्ति पीठ के दण्डी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज के सानिध्य में गो माता को लापसी की स्वामणी का भोग लगाया गया। इस अवसर पर श्रीनाथ नगर गौशाला समिति की ओर से महाराज का दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया। उनके साथ उनके अनेक शिष्य मौजूद रहे।*

# वैदिक ब्राह्मण संघ ने हर्षोल्लास से मनाया श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** श्रीअयोध्या जी में स्थापित हुए भगवान श्रीराम लला मन्दिर के तीसरे स्थापना दिवस को वैदिक ब्राह्मण संघ, अलवर ने प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम के रूप में हर्षोल्लास से मनाया। संघ के कार्यकर्ता गिरीश शर्मा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा दिवस की पूर्व संध्या पर 30 दिसंबर मंगलवार को सिटी पैलेस स्थित प्राचीन श्रीराम जी के मंदिर में भगवान का पूजन वंदन कर सामूहिक 108 श्रीहनुमान चालीसा पाठ एवं भजनों का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत में वैदिक मंत्रो के साथ पूजन किया गया तत्पश्चात संगीतमय 108 सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ नवीन शर्मा, विकाश शर्मा, मनीष शर्मा के द्वारा किया गया। पं. विष्णु शर्मा ने बताया कि इस शुभ अवसर पर संघ के स्वरूप को व्यापक करने के लिये तथा जन-जन तक संगठन की रीति-नीति को पहुँचान के लिये वैदिक ब्राह्मण संघ की वेबसाइट "वैदिक ब्राह्मण संघ, अलवर राजस्थान" का शुभारंभ प्रभु श्री सीताराम जी महाराज के समक्ष किया गया तथा सभी को स्मरण कराया गया कि संस्था का उद्देश्य समाज में वैदिक ज्ञान, धर्म, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में संघ के कलाकारों द्वारा लगातार भजन चलते रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात् संगठन के प्रमुख कार्यकर्ताओं की चिंतन बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। संघ के कार्यकर्ता डॉ. गोपाल शास्त्री ने सभी आगंतुको का अभिनन्दन करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला ब्राह्मण सभा अध्यक्ष विशवम्भर दयाल वशिष्ठ, आकाश मिश्रा, ओमप्रकाश शर्मा, पीयूष जाड़ला, अमित शर्मा, मनोज शर्मा, मोहित पंडित, केशव प्रधान, विजय सारस्वत, रामानन्द गुरू, घनश्याम शर्मा, गोपाल शर्मा, कमलकान्त शर्मा, मुनेश शर्मा, मोनू पंडित, दिनेश सारस्वत, श्याम सुन्दर पाराशर, नीरज शास्त्री, भास्कर शर्मा, ऋषि शर्मा, पं. राजकुमार शर्मा, प्रेम प्रकाश भारद्वाज, दीपक शर्मा, रामावतार शर्मा, अशोक शर्मा, सतेन्द्र शर्मा, कमलेश शर्मा, उमाशंकर शर्मा, योगेश शर्मा, विष्णु शर्मा, गोपेश शर्मा, बिजेन्द्र शर्मा, दीपक मिश्रा, दीपक पंडित, यतार्थ शर्मा, डॉ. स्वेता शास्त्री, पुष्पा सारस्वत, नीतू शर्मा सहित संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस को लेकर डीजीपी राजीव शर्मा के 2026 में बड़े एक्शन प्लान

**जनता और पुलिस के बीच बेहतर संबंध बने, साइबर क्राइम और संगठित अपराधों पर पुलिस का पूरा फोकस, महिलाओं एवं बच्चों के अपराधों की रोकथाम के लिए भी पुलिस रहेगी सजग**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा पुलिसिंग को लेकर एक बड़ी कार्य योजना के साथ नए साल की शुरुआत करने की बात कही है वर्ष 2026 में प्रदेश की पुलिसिंग को और बेहतर तरीके से मजबूती प्रदान करने लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा और विश्वास मजबूत करने शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना और संगठित अपराधों पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाने जैसे बड़े विषयों के साथ पुलिस वर्ष 2026 में बिल्कुल एक्टिव मोड पर नजर आएगी इसके लिए पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने एक पूरी प्लानिंग और कार्य योजना तैयार कर ली है पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा का कहना है कि वर्ष 2026 में प्रदेश की जनता और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय बना रहे दोनों का एक दूसरे को पूरा सहयोग मिले और पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा मजबूत हो पुलिस और लोग एक सच्चे दोस्त की तरह बर्ताव करें इसके लिए पुलिस विशेष कार्य योजना के साथ काम करेगी इसके अलावा साइबर क्राइम पर पुलिस की विशेष निगाह रहेगी साइबर क्राइम पर प्रभावी तरीके से नियंत्रण स्थापित करने के लिए पुलिस नवाचारों के साथ नए साल में नजर आएगी इसके लिए पुलिस के साइबर सेल को और तकनीकी रूप से और सुधार करने के अलावा साइबर सेल में नियुक्त पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को नियमित रूप से प्रशिक्षित करने के प्रयास भी होंगे क्योंकि सोशल मीडिया के जमाने में साइबर क्राइम राजस्थान ही नहीं बल्कि देश और दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है इसलिए इससे निपटने के लिए पुलिस को पूरी तरह से आधुनिक होना ही पड़ेगा इसके लिए डीजीपी राजीव शर्मा ने पूरी प्लानिंग तैयार की है इसके अलावा राजीव शर्मा महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों को लेकर भी काफी गंभीर हैं इसके लिए भी प्रभावी तौर पर पुलिस के काम करने की बात डीजीपी ने कही है तथा संगठित अपराध गिरोह पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से सतत रूप से पूरे प्रदेश में जिलेवार अपराध जगत से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई और अपराध जगत से जुड़े लोगों के संपर्क में रहने वाले लोगों की गतिविधियों पर भी पुलिस कड़ी निगरानी रखेगी इसके अलावा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर पुलिस की नियमित रूप से निगरानी रहेगी पुलिस की बीट व्यवस्था को और मजबूत करने प्रदेश के सभी चेक पोस्ट पर आधुनिक उपकरण और हथियारों से लैस पुलिस के अधिकारियों और जवानों को नियुक्त करने पुलिस की नियमित रूप से होटल धर्मशाला मुसाफिरखाना इत्यादि की चेकिंग करने प्रदेश के सीमावर्ती जिलों पर पुलिस के अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने सीमा पार से आने वाले ड्रोन से निपटने के लिए सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवानों के साथ मिलकर पुलिस के काम करने जैसे विषयों पर भी पुलिस महानिदेशक शर्मा ने बात कही है इसके अलावा पुलिस भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति के पास कम करें पुलिसकर्मी ईमानदारी से अपना फर्ज निभाएं और पुलिस में दर्ज मामलों की ईमानदारी से निर्धारित समय में जांच कंप्लीट हो इन सबको लेकर राजीव शर्मा ने अपनी दृढ़ता दिखाते हुए न केवल अपना संकल्प दिखाया है बल्कि प्रदेश के सभी जिला पुलिस अधीक्षकों पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस कमिश्नर को विशेष रूप से प्रभावित तरीके से अपने विजन कि उन्हें जानकारी देकर उसके अनुरूप कार्य करने के निर्देश भी दिए हैं।

## दिलेर महिला कांस्टेबल और एक अन्य कांस्टेबल ने नहर से महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** साल के अंतिम दिन बुधवार को बांसवाड़ा जिला पुलिस का एक अच्छा स्वरूप उस समय देखने को मिला जब आत्महत्या करने के उद्देश्य से नहर में कूदी एक महिला को एक महिला कांस्टेबल और एक अन्य पुलिस कांस्टेबल ने सुरक्षित नहर से बाहर निकाल लिया। महिला को नहर से बाहर निकालने के बाद उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जानकारी के अनुसार बांसवाड़ा के कोतवाली थाना इलाके में माही नहर के किनारे एक महिला खड़ी थी। महिला की गतिविधि को देखते हुए आसपास के लोगों को संदेह हुआ और उन्होंने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम में महिला के बारे में जानकारी शेयर की जिसके बाद कोतवाली थाने में तैनात महिला कांस्टेबल गंगा और पुरुष कांस्टेबल दीपक मौके पर पहुंचे। इतने में ही महिला नहर में कूद गई। महिला को नहर में गहरे पानी में जाते हुए देखकर महिला कांस्टेबल गंगा ने कपड़े उतारना भी जरूरी नहीं समझा और वह पुलिस की ड्रेस में ही महिला को बचाने के लिए नहर में कूद गई, दीपक भी नहर में कूद गया और दोनों ने महिला को काफी मशक्कत के बाद नहर से बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार महिला अपना नाम और पता नहीं बता पा रही है इसलिए पुलिस को संदेह है कि महिला का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है इसलिए उसे उपचार के लिए फिलहाल अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। बहादुर महिला कांस्टेबल गंगा और कांस्टेबल दीपक का महिला को नहर से बाहर निकाल लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर जोरदार तरीके से वायरल हो रहा है इस वीडियो में बहादुर महिला पुलिसकर्मी की बहादुरी की लोग चर्चा करते हुए दिख रहे हैं। बांसवाड़ा जिला पुलिस के बड़े अधिकारियों ने भी महिला कांस्टेबल गंगा और कांस्टेबल दीपक को शाबाशी दी है लोगों का कहना है कि दोनों कांस्टेबल इनाम के हकदार हैं इसलिए दोनों कांस्टेबल के नाम पुरस्कार की सिफारिश के लिए पुलिस मुख्यालय में जरूर भेज जाना चाहिए क्योंकि अगर समय रहते दोनों कांस्टेबल महिला को बाहर नहीं निकाल पाते तो निश्चित रूप से महिला की मृत्यु हो जाती इसलिए दोनों कांस्टेबल का उत्साह बढ़ाने के लिए दोनों को पुरस्कार जरूर दिया जाना चाहिए।

## उत्तर पश्चिम रेलवे की नई समय सारणी आज से सभी मंडलों के लिए जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे पर ट्रेनों के संचालन की नई समय सारणी आज नए साल के पहले दिन जारी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक अमिताभ ने मंडल वार जारी इस समय सारणी का विमोचन किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर ट्रेनों के संचालन से संबंधित नई समय सारणी आज जारी की जा रही है। इस समय सारणी का उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक अमिताभ ने विमोचन किया। समय सारणी चारों मंडलों जयपुर, अजमेर जोधपुर और बीकानेर की अलग अलग जारी की जाएगी। नई समय सारणी में नए ट्रेनों के संचालन, ट्रेनों के विस्तार फेरों में वृद्धि, ट्रेन संख्या में बदलाव, नए ठहराव तथा विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के आगमन व प्रस्ताव समय में हुए परिवर्तन आदि को सम्मिलित किया गया है। समय सारणी के विमोचन के अवसर पर महाप्रबंधक के साथ प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक मदन देवड़ा मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक मैत्रेई चारण उप मुख्य परिचालन प्रबंधक रमेश वशिष्ठ उप महाप्रबंधक सामान्य शशांक भी उपस्थित रहे।

## जयपुर में कोकीन,एमडी और अन्य मादक पदार्थ की बड़ी खेत बरामद, विदेशी नागरिक सहित पांच जने गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर पुलिस ने नए साल के मौके पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत शहर के कई इलाकों में छापामार कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक विदेशी नागरिक सहित पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर स्पेशल कमिश्नर राहुल प्रकाश के सुपरविजन में जीएसटी ने बगरू शिवदासपुरा और कानोता थाना क्षेत्र में सघन कार्रवाई की पुलिस ने इस कार्रवाई में कुछ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक विदेशी नागरिक और एक महिला भी शामिल है गिरफ्तार तस्करों में आगस्टील अवगो ,संगीता सांसी, अब्दुल गफ्फार खान, आरिफ मोहम्मद और विजय सोलंकी हैं आग स्टीम विदेशी नागरिक है जिसके पास वेद पासपोर्ट और वीजा भी नहीं मिला है इस विदेशी नागरिक के बारे में पुलिस गहनता से जांच पड़ताल करके पता लग रही है कि यह जयपुर में कब से है और जयपुर के अलावा इसका राजस्थान में और देश में कहां-कहां मूवमेंट रहा है। जयपुर में कहां-कहां रहता है तथा यह अपने देश से कैसे और किस तरह से भारत आया और भारत आने के बाद इसकी क्या-क्या गतिविधियां रही इसके संपर्क सूत्रों का भी पता लगाया जा रहा है तथा भारत में आने के बाद यह कितनी बार वापस अपने देश लौट और फिर यह वापस कब भारत आया इसके बारे में भी जानकारी जुटा जा रही है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में महंगी और घातक ड्रग्स बरामद की है पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों से 27.17 ग्राम कोकीन दो टैबलेट और अन्य चीज नशे की बरामद की है तथा 12.26 ग्राम एमडी और 179.09 ग्राम स्नेक बरामद की है।

## नए साल के जश्न के बीच कार से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार

### यूरिया खाद की बोरी के नीचे छुपा रखा था 150 किलो अमोनियम नाइट्रेट



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के टोंक जिले के बरौली थाना इलाके में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ और अन्य उपकरण बरामद किए हैं पुलिस ने कार में सवार दो अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया है पुलिस ने कार की डिग्गी की तलाशी ली जिसमें यूरिया खाद की दो बोरियों के नीचे भारी मात्रा में अमोनियम नाइट्रेट छुपा कर रखा हुआ था यह अमोनियम नाइट्रेट करीब 150 किलो बताया गया है इसके अलावा 200 डेंजर कार्लोसिव कार्टेज और फ्यूज वायर के 6 बंडल भी बरामद किए गए हैं एक बंडल में करीब 183 मीटर वायर होता है इस तरह से 1100 मीटर वायर बरामद किए गए हैं इस प्रकरण में पुलिस ने जिन दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है उनके नाम सुरेंद्र पटवा और सुरेंद्र मोची है जो बूंदी के रहने वाले हैं और बरामद किए गए विस्फोटक पदार्थ को बूंदी से टोंक सप्लाई करने जा रहे थे पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर पता लग रही है कि बरामद किए गए विस्फोट का उपयोग कैसे कहां और किस क्षेत्र में किया जाना था तथा इनका उपयोग कौन करने वाले थे और यह विस्फोटक सामग्री किसके यहां सप्लाई की जा रही थी तथा किस व्यक्ति ने बंदी से टोंक के लिए यह विस्फोटक पदार्थ सप्लाई के लिए भेजा था पुलिस इन सब सवालों के जवाब अभियुक्तों से पूछ रही है एक तरफ जहां नए साल के जश्न को लेकर देश भर में लोगों में खुशी का माहौल छाया हुआ है और राजस्थान में बड़ी संख्या में देश और विदेश के पर्यटक यहां विभिन्न शहरों में पर्यटन स्थलों पर घूमने के लिए आए हुए हैं ऐसे हालातो में भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ पाया जाना कहीं ना कहीं कई तरह के बड़े सवाल जरूर पैदा कर रहा है इसलिए पुलिस गिरफ्तार उपायुक्तों से गहनता से पूछताछ कर रही है तथा बरामद किए गए विस्फोटक पदार्थ से जुड़ी तमाम तरह की जानकारियां हासिल की जा रही है पुलिस इस मामले में कड़ी से कड़ी जोड़ने का प्रयास करते हुए मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है संदेह है कि कुछ और लोगों की भी इस प्रकरण में गिरफ्तारी हो सकती है क्योंकि अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थ का सौदा करना गैरकानूनी है इसलिए जिस तरह से चोरी छुपे यूरिया खाद की बोरियों के नीचे छुपा कर विस्फोटक पदार्थ को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचा जा रहा था उससे साफ जाहिर है कि यह धंधा बड़े पैमाने पर प्रदेश में संचालित हो रहा है ऐसे में पुलिस इस मामले को काफी गंभीरता से ले रही है।

## विकसित भारत 2047 के सपने को पुरा करने की दिशा में मजबूती से मोर्चा करेगा कार्यः महेंद्र कुमावत

### ओबीसी मोर्चा नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमावत ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से की शिष्टाचार भेंट

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमावत ने मोती डूंगरी गणेश जी के दर्शन कर भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कुमावत ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इसके बाद कुमावत ने कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार कर पदाधिकारियों के साथ परिचय बैठक की। कुमावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सबका साथ सबका विश्वास के मंत्र के साथ सबको साथ लेकर चलने एवं समावेशी कार्य नियोजन से पार्टी को मज़बूत करने का आह्वान किया। मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमावत ने कहा कि मोर्चे का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के सपने को पुरा करने की दिशा में मजबुती से कार्य करेगा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मोर्चा अध्यक्ष चम्पालाल गेदर, महामंत्री सुनील यादव, महेंद्र पंवार उपाध्यक्ष, सुनील गहलोत, महेंद्र यादव प्रदेश मंत्री ,सुनीता चौधरी ,कार्यालय मंत्री रामेश्वर गुर्जर, जिला अध्यक्ष चेतन कुमावत, कार्यकर्ता विजेंद्र चौधरी, रामस्वरूप सोलंकी, दिनेश जांगिड, संजीव वर्मा, चिमनाराम, महेश सैनी, भरत दिलीप नीरज वशिष्ठ श्रवण सोनी उदय यादव संदीप कुमावत गुरतेज सिंह हेमंत जयसवाल, राकेश सोनी मोनू साहू मुकेश धाभाई मनोज सैनी भगवान सहाय सहित कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## महिला रोगियों की जांच हेतु नवीनतम तकनीक की जांच मशीन उपलब्ध कराया जाना है आवश्यकः जूली

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालाखेड़ा में प्रसूताओं और महिलाओं के स्तन में होने वाली गांठ की जांच हेतु नवीनतम तकनीक की मशीन उपलब्ध कराये जाने के लिये चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह को पत्र लिखा है। जूली ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालाखेडा में प्रतिदिन 1500 से 2000 रोगी आते हैं। इनमें महिला रोगियों की संख्या भी काफी अधिक है। प्रसूताओं और महिलाओं के स्तन में गांठ हो जाने पर महिला रोगियों की जांच की सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालाखेड़ा में उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें इस जांच के लिये अन्यत्र जाना पड़ता है जो कि ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिये काफी कठिन और खर्चीला है।

## बांसवाड़ा पुलिस ने भामाशाह के सहयोग से 5000 हेलमेट वाहन चालकों को वितरित किए और यातायात नियमों की दी जानकारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में बांसवाड़ा जिला पुलिस की ओर से बुधवार को जीवन रक्षा अभियान के तहत भामाशाह के सहयोग से 5000 हेलमेट वाहन चालकों को वितरित किए और वाहन चालकों को यातायात नियमों की बारीकी से जानकारी देकर उन्हें सावधानी से गाड़ी चलाने नशा नहीं करने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की और पुलिस के अधिकारियों ने चेतावनी दी अगर बार-बार ट्रैफिक नियमों का उलझन करोगे तो फिर पुलिस को मजबूरन कड़ी कार्रवाई करनी पड़ेगी पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को यह भी बताया कि यह जीवन सिर्फ आप तक ही सीमित नहीं है आपके जीवन से आपके परिवार वालों का जीवन भी जुड़ा हुआ है इसलिए अपनी जान की सलामती के लिए सावधानी पूर्वक गाड़ी चलाएं बुधवार को बांसवाड़ा जिला पुलिस की ओर से बांसवाड़ा शहर में कई जगहों पर व्यस्त चौराहों पर जो लोग बिना हेलमेट के थे उन्हें बाकायदा हेलमेट पुलिस के अधिकारियों और भामाशाहों की ओर से वितरित किए गए और उन्हें सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया इस मौके पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया जिसमें एक व्यक्ति यमराज के वश में मौजूद था जो वाहन चालकों को यह कहता हुआ नजर आ रहा था कि अगर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन नहीं करेंगे तो वह उन्हें अपने साथ ले जाएगा बांसवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की ओर से बांसवाड़ा जिले में वाहन चालकों को प्यार से यातायात नियमों का पालन करने की पुलिस की ओर से सीख दी जा रही है बुधवार को भी बांसवाड़ा शहर में जगह-जगह व्यस्त चौराहे पर पुलिस की ओर से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को बाकायदा गुलाब का फूल देखकर उन्हें प्यार से समझाया गया और जिनके सिर पर हेलमेट नहीं थे उन्हें वकायदा हेलमेट दिया गया और उन्हें यह बताया गया कि उनका जीवन कितना अमूल्य है और उनकी एक छोटी सी गलती उन्हें मौत के मुंह में लेकर जा सकती है। बांसवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी का कहना है कि फिलहाल वाहन चालकों को प्यार से समझाया गया है लेकिन अगर वाहन चालक बार-बार नियमों का उल्लंघन करेंगे तो फिर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी उन्होंने कहा कि पुलिस चालान काटने में ज्यादा विश्वास नहीं रखती पुलिस का प्रयास है कि वाहन चालक सड़क और यातायात नियमों का पालन करते हुए गाड़ी चलाएं ताकि उनका जीवन सुरक्षित रहे लेकिन अगर कोई बार-बार गलती करेगा और बार-बार जानबूझकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ फिर पुलिस कड़ी कार्रवाई भी करेगी।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में सहकारिता मंत्री गौतम दक ने की कार्यकर्ता सुनवाई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम दक ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई की। मंत्री गौतम दक ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता को सदैव प्राथमिकता दी जाती है। कार्यकर्ताओं के कार्यों को संगठन के माध्यम से सत्ता के मंत्री प्राथमिकता दे रहे इससे क्षेत्र का विकास तेजी से होगा और क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को भी नई पहचान मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसी मंशा के साथ पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई शुरू की है, इसके परिणाम भी अब आना शुरू हो गए है। सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि कार्यकर्ता सुनवाई में आने वाले परिवादों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारियों को ?आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं की सुनवाई सरकार में होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यकर्ताओं की समस्याएँ दूर होंगी और उनके क्षेत्र की जन समस्याओं का समाधान होगा तो संगठन मजबूत होगा और संगठन मजबूत होगा तो सरकार भी सुदृढ़ बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ता सुनवाई की जा रही है, वहीं मंत्रियों के निवास पर जनसुनवाई पूर्व की भांति निरंतर सुचारू है। प्रदेश के आमजन कभी भी मंत्रियों के निवास पर जनसुनवाई में आ सकते है। प्रदेश कार्यालय में आने वाले कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा कार्यालय सचिव मुकेश पारीक भी उपस्थित रहे।

# मल्टी लेवल मार्केटिंग के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी : प्रवर्तन निदेशालय के जयपुर अजमेर में ताबड़तोड़ छापे

### मुद्रा डी. जी.कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक प्रकाश चंद और रवि जैन के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान मध्य प्रदेश ,गुजरात, उत्तर प्रदेश और कई अन्य राज्यों में मल्टी लेवल मार्केटिंग में करोड़ों की हेरा फेरी और धोखाधड़ी के मामले में परिवर्तन निदेशालय की ओर से बुधवार को मुद्रा डीजी कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक प्रकाश चंद जैन और रवि जैन के जयपुर और अजमेर स्थित ठिकानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया है जयपुर में प्रताप नगर और मालवीय नगर में कई जगहों पर छापे डाले गए हैं तथा अजमेर में भी छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। जानकारी के अनुसार जयपुर में भी मुद्रा डीजी कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से शानदार कार्यालय खोला गया था और इस कार्यालय के माध्यम से लोगों को कई तरह कि गलत जानकारियां कंपनी के बारे में देखकर लोगों को कंपनी से जोड़ा गया और लोगों से पैसा वसूल किया गया बाद में भारी मात्रा में पैसों का संकलन करके जयपुर में ऑफिस बंद कर दिया गया। इसके बाद गुजरात के अहमदाबाद में भी इसी तरह से ऑफिस को खोला गया राजस्थान, गुजरात के अलावा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और कई अन्य जगहों पर भी कंपनी ने ऑफिस खोलकर लुभावनी बातें और लालच देकर लोगों को अपने जाल में फसाया इस तरह से करीब 2500 करोड़ रुपए की हेरा फेरी कंपनी के संचालकों की ओर से की गई है इस संदर्भ में कंपनी के संचालक को के खिलाफ मामला भी दर्ज हुआ है प्रवर्तन निदेशालय ने भी अब अपने स्तर पर इस पूरे मामले की जांच प्रक्रिया शुरू की इस जांच प्रक्रिया के तहत ही जयपुर और अजमेर में प्रकाश चंद और रवि जैन जो कंपनी के संचालक हैं उनके ठिकानों पर बुधवार को छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया है अजमेर में एक जगह पर और जयपुर में करीब आधा दर्जन जगहों पर खबर लिखे जाने तक परिवर्तन निदेशालय की ओर से छापामार कार्रवाई जारी थी प्रवर्तन निदेशालय की प्रारंभिक जांच पड़ताल में विभिन्न ठिकानों पर भारी मात्रा में काली कमाई से जुड़े अहम दस्तावेज मिले हैं।

## कहानी

# चतुर खरगोश और शेर

किसी घने वन में एक बहुत बड़ा शेर रहता था। वह रोज शिकार पर निकलता और एक ही नहीं, दो नहीं कई-कई जानवरों का काम तमाम देता। जंगल के जानवर डरने लगे कि अगर शेर इसी तरह शिकार करता रहा तो एक दिन ऐसा आयेगा कि जंगल में कोई भी जानवर नहीं बचेगा। सारे जंगल में सनसनी फैल गई। शेर को रोकने के लिये कोई न कोई उपाय करना ज़रूरी था। एक दिन जंगल के सारे जानवर इकट्ठा हुए और इस प्रश्न पर विचार करने लगे। अन्त में उन्होंने तय किया कि वे सब शेर के पास जाकर उनसे इस बारे में बात करें। दूसरे दिन जानवरों के एक दल शेर के पास पहुंचा। उनके अपनी ओर आते देख शेर घबरा गया और उसने गरजकर पूछा, "क्या बात है ? तुम सब यहां क्यों आ रहे हो ?" जानवर दल के नेता ने कहा, "महाराज, हम आपके पास निवेदन करने आये हैं। आप राजा हैं और हम आपकी प्रजा। जब आप शिकार करने निकलते हैं तो बहुत जानवर मार डालते हैं। आप सबको खा भी नहीं पाते। इस तरह से हमारी संख्या कम होती जा रही है। अगर ऐसा ही होता रहा तो कुछ ही दिनों में जंगल में आपके सिवाय और कोई भी नहीं बचेगा। प्रजा के बिना राजा भी कैसे रह सकता है ? यदि हम सभी मर जायेंगे तो आप भी राजा नहीं रहेंगे। हम चाहते हैं कि आप सदा हमारे राजा बने रहें। आपसे हमारी विनती है कि आप अपने घर पर ही रहा करें। हर रोज स्वयं आपके खाने के लिए एक जानवर भेज दिया करेंगे। इस तरह से राजा और प्रजा दोनो ही चैन से रह सकेंगे।" शेर को लगा कि जानवरों की बात में सच्चाई है। उसने पलभर सोचा, फिर बोला अच्छी बात है। मैं तुम्हारे सुझाव को मान लेता हूं। लेकिन याद रखना, अगर किसी भी दिन तुमने मेरे खाने के लिये पूरा भोजन नहीं भेजा तो मैं जितने जानवर चाहूंगा, मार डालूंगा।" जानवरों के पास तो और कोई चारा नहीं। इसलिये उन्होंने शेर की शर्त मान ली और अपने-अपने घर चले गये। उस दिन से हर रोज शेर के खाने के लिये एक जानवर भेजा जाने लगा। इसके लिये जंगल में रहने वाले सब जानवरों में से एक-एक जानवर, बारी-बारी से चुना जाता था। कुछ दिन बाद खरगोशों की बारी भी आ गई। शेर के भोजन के लिये एक नन्हें से खरगोश को चुना गया। वह खरगोश जितना छोटा था, उतना ही चतुर भी था। उसने सोचा, बेकार में शेर के हाथों मरना मूर्खता है। अपनी जान बचाने का कोई न कोई उपाय अवश्य करना चाहिये, और हो सके तो कोई ऐसी तरकीब दूंढ़नी चाहिये जिसे सभी को इस मुसीबत से सदा के लिए छुटकारा मिल जाये। आखिर उसने एक तरकीब सोच ही निकाली। खरगोश धीरे-धीरे आराम से शेर के घर की ओर चल पड़ा। जब वह शेर के पास पहुंचा तो बहुत देर हो चुकी थी। भूख के मारे शेर का बुरा हाल हो रहा था। जब उसने सिर्फ एक छोटे से खरगोश को अपनी ओर आते देखा तो गुस्से से बौखला उठा और गरजकर बोला, "किसने तुम्हें भेजा है ? एक तो पिद्दी जैसे हो, दूसरे इतनी देर से आ रहे हो। जिन बेवकूफों ने तुम्हें भेजा है मैं उन सबको ठीक करूंगा। एक-एक का काम तमाम न किया तो मेरा नाम भी शेर नहीं।" नन्हे खरगोश ने आदर से ज़मीन तक झुककर, "महाराज, अगर आप कृपा करके मेरी बात सुन लें तो मुझे या और जानवरों को दोष नहीं देंगे। वे तो जानते थे कि एक छोटा सा खरगोश आपके भोजन के लिए पूरा नहीं पड़ेगा, 'इसलिए उन्होंने छह खरगोश भेजे थे। लेकिन रास्ते में हमें एक और शेर मिल गया। उसने पांच खरगोशों को मारकर खा लिया।" यह सुनते ही शेर दहाड़कर बोला, "क्या कहा ? दूसरा शेर ? कौन है वह ? तुमने उसे कहां देखा ?" "महाराज, वह तो बहुत ही बड़ा शेर है", खरगोश ने कहा, "वह ज़मीन के अन्दर बनी एक बड़ी गुफा में से निकला था। वह तो मुझे ही मारने जा रहा था। पर मैंने उससे कहा, 'सरकार, आपको पता नहीं कि आपने क्या अन्धेर कर दिया है। हम सब अपने महाराज के भोजन के लिये जा रहे थे, लेकिन आपने उनका सारा खाना खा लिया है। हमारे महाराज ऐसी बातें सहन नहीं करेंगे। वे ज़रूर ही यहाँ आकर आपको मार डालेंगे।' "इस पर उसने पूछा, 'कौन है तुम्हारा राजा ?' मैंने जवाब दिया, 'हमारा राजा जंगल का सबसे बड़ा शेर है।' "महाराज, 'मेरे ऐसा कहते ही वह गुस्से से लाल-पीला होकर बोला बेवकूफ इस जंगल का राजा सिर्फ मैं हूं। यहां सब जानवर मेरी प्रजा हैं।

# जाति निर्धारण पर नई दृष्टि

*इन आशंकाओं को एक सिरे से नकारा नहीं जा सकता, परंतु जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा, 'हम कानून के प्रश्न को खुला रख रहे हैं...। बदलते समय के साथ माता की जाति के आधार पर जाति प्रमाण पत्र क्यों जारी नहीं किया जाना चाहिए?' इस प्रश्न भरे वक्तव्य के गहरे निहितार्थ हैं, परंतु त्वरित रूप से निर्णय पर पहुंचने से पूर्व इस विषय पर एक गहन विमर्श की आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है कि यह निर्णय इस बात को सामान्य सिद्धांत घोषित नहीं करता कि जाति हमेशा मां के माध्यम से ही विरासत में मिल सकती है। न ही यह निर्णय यह सिद्ध करता है कि मात्र जाति के आधार पर भविष्य में सभी अनुसूचित जाति अथवा जनजाति प्रमाण पत्र दावों को बाध्यकारी रूप से स्वीकार किया जाता रहेगा। इस मामले को अगर समझना है तो हमें उस निर्णय का भी विश्लेषण करना होगा, जो 20 जून, 2025 को बांबे उच्च न्यायालय के 'सुजल मंगला बिरवाडकर बनाम महाराष्ट्र राज्य और अन्य मामले' में न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और डा. नीला गोखले की खंडपीठ ने दिया था। चंभर (अनुसूचित जाति) श्रेणी के तहत जाति वैधता प्रमाण पत्र की मांग करने वाली एक छात्रा की याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा था, 'यद्यपि तलाक के बाद सुजल का पालन-पोषण उसकी माता ने किया , किंतु केवल अनुसूचित जाति के माता का होना जाति-आधारित लाभों का दावा करने के लिए पर्याप्त नहीं है।'*



हाल में शीर्ष अदालत के एक निर्णय ने खूब सुर्खियां बटोरीं और इसे एक ऐतिहासिक निर्णय के रूप में उल्लेखित किया गया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जायमाल्य बागची की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने पुडुचेरी की एक नाबालिग लड़की को उसकी मां की जाति के आधार पर अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाण पत्र प्राप्त करने की अनुमति दी, भले ही उसके पिता गैर-अनुसूचित जाति समुदाय से थे।

पीठ ने टिप्पणी दी कि 'मां की जाति उतनी ही महत्वपूर्ण पहचान है, जितनी पिता की।' इस संदर्भ में 5 मार्च, 1964 और 17 फरवरी, 2002 की राष्ट्रपति अधिसूचनाओं को केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के साथ पढ़ने पर यह पता चलता है कि जाति प्रमाण पत्र के लिए पात्रता मुख्य रूप से पिता की जाति और किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के भीतर व्यक्ति की आवासीय स्थिति द्वारा निर्धारित की जाती है। उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता ने यह दावा किया कि था कि उसका पति विवाह के बाद से ही उसके साथ उसके माता-पिता के घर रह रहा है। इस तर्क से इस तथ्य को सुस्पष्ट करना था कि उसके बच्चों ने कभी भी उच्च जाति के कथित सामाजिक लाभों का उपभोग नहीं किया। इससे पूर्व देश की विभिन्न अदालतों ने मां की जाति के इस्तेमाल के संबंध में जब भी निर्णय दिए तो उसका मूलभूत आधार यह रहा कि क्या बच्चे उच्च जाति के सामाजिक एवं सांस्कृतिक लाभों से वंचित रहे। उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय पर तमाम तर्क-वितर्क के साथ अनेक आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। पहली आशंका तो यह है कि इससे आरक्षण व्यवस्था के लाभ के लिए एक नई परंपरा स्थापित हो जाएगी, जिसके दूरगामी नकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं।

इन आशंकाओं को एक सिरे से नकारा नहीं जा सकता, परंतु जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा, 'हम कानून के प्रश्न को खुला रख रहे हैं...। बदलते समय के साथ माता की जाति के आधार पर जाति प्रमाण पत्र क्यों जारी नहीं किया जाना चाहिए?' इस प्रश्न भरे वक्तव्य के गहरे निहितार्थ हैं, परंतु त्वरित रूप से निर्णय पर पहुंचने से पूर्व इस विषय पर एक गहन विमर्श की आवश्यकता है।

यह महत्वपूर्ण है कि यह निर्णय इस बात को सामान्य सिद्धांत घोषित नहीं करता कि जाति हमेशा मां के माध्यम से ही विरासत में मिल सकती है। न ही यह निर्णय यह सिद्ध करता है कि मात्र जाति के आधार पर भविष्य में सभी अनुसूचित जाति अथवा जनजाति प्रमाण पत्र दावों को बाध्यकारी रूप से स्वीकार किया जाता रहेगा। इस मामले को अगर समझना है तो हमें उस निर्णय का भी विश्लेषण करना होगा, जो 20 जून, 2025 को बांबे उच्च न्यायालय के 'सुजल मंगला बिरवाडकर बनाम महाराष्ट्र राज्य और अन्य मामले' में न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और डा. नीला गोखले की खंडपीठ ने दिया था। चंभर (अनुसूचित जाति) श्रेणी के तहत जाति वैधता प्रमाण पत्र की मांग करने वाली एक छात्रा की याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा था, 'यद्यपि तलाक के बाद सुजल का पालन-पोषण उसकी माता ने किया, किंतु केवल अनुसूचित जाति के माता का होना जाति-आधारित लाभों का दावा करने के लिए पर्याप्त नहीं है।' कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता का पालन-पोषण विशेषाधिकार प्राप्त वातावरण में हुआ था। उसने केंद्रीय विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की और उसे सामाजिक रूप से किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा था। उसकी माता की आर्थिक स्थिति और परिवार की व्यावसायिक पृष्ठभूमि ने उसके दावे को और भी कमजोर कर दिया।

गौरतलब है कि छात्रा ने अपने पिता के गैर-अनुसूचित जाति 'हिंदू कृषि' समुदाय से होने के बावजूद अपनी माता की 'चंभर' जाति के आधार पर अनुसूचित जाति का दर्जा मांगा था। न्यायालय ने फैसला सुनाया कि जाति-आधारित आरक्षण के लिए केवल जन्म-आधारित संबंध ही नहीं, बल्कि वास्तविक भेदभाव का प्रमाण आवश्यक है। ठीक यही विचार दृष्टि फरवरी 2025 को बांबे उच्च न्यायालय के ही 'स्वानुभूति जीवराज जैन बनाम महाराष्ट्र राज्य' मामले में सामने आई।

इस मामले में न्यायालय ने अपने फैसले को स्पष्ट करते हुए यह कहा था कि जातिगत वैधता विवादों से संबंधित कानून को स्पष्ट करते हुए विभिन्न जातियों के माता-पिता से जन्मे बच्चे, जिनमें से माता या पिता में से कोई एक अनुसूचित जाति से संबंधित हों, बिना यह साबित किए कि उन्हें उस जाति से संबंधित वास्तविक सामाजिक भेदभाव, नुकसान या अभाव का सामना करना पड़ा है, स्वतः ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त करने का दावा नहीं कर सकते।

रमेशभाई दभाई नाइका बनाम गुजरात राज्य (2012) के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया कि अंतरजातीय विवाह के मामलों में जाति निर्धारण आसपास के तथ्यों को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

## सम्पादकीय

# अरावली की ऊंचाई पर सुप्रीम कोर्ट की परिभाषा




हाल ही में अरावली पहाड़ियों की ऊंचाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ओर से नई परिभाषा सामने आने के बाद स्वाभाविक ही यह बहस तेज हो गई कि अगर इसे कसौटी बनाया गया, तो आने वाले वक्त में स्थानीय पारिस्थितिकी पर इसका क्या असर पड़ेगा। पर्यावरण विशेषज्ञों से लेकर आम जनता के स्तर पर सौ मीटर की ऊंचाई वाली परिभाषा को लेकर चिंता जताई गई और एक बड़े इलाके के पर्यावरण पर जोखिम की आशंका के मद्देनजर इसमें फिर से बदलाव की मांग की गई। अब सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने पहले के निर्देशों पर रोक लगा दी और कहा कि कुछ महत्त्वपूर्ण अस्पष्टता को दूर करने की जरूरत है। इसमें एक सवाल यह भी शामिल है कि क्या सौ मीटर की ऊंचाई और पहाड़ियों के बीच पांच सौ मीटर का अंतर पर्यावरण संरक्षण के दायरे के एक महत्त्वपूर्ण हिस्से को कम कर देगा। गौरतलब है कि 20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पहाड़ियों और श्रेणियों की एक समान और वैज्ञानिक परिभाषा को मंजूरी दे दी थी। इसके अलावा, अरावली क्षेत्र में विशेषज्ञों की रपट आने तक नए खनन पट्टे देने पर रोक लगा दी गई थी। दरअसल, दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वत-श्रृंखलाओं में से एक अरावली पहाड़ियों के संरक्षण और बिना रोकटोक खनन से समूचे क्षेत्र में होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को लेकर लंबे समय से बहस चलती रही है। इसी संबंध में केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक समिति ने सिफारिश की थी कि अरावली पहाड़ियों के संबंध में स्पष्ट और वैज्ञानिक परिभाषा बेहद जरूरी है। समिति ने यह भी कहा था कि अरावली जिलों में स्थित सौ मीटर या उससे अधिक की किसी भी भू-आकृति को पहाड़ी माना जाएगा। मगर सुप्रीम कोर्ट की ओर से भी इसे स्वीकार्यता मिलने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर अरावली के जीवन को लेकर चिंता जताई गई और कई सवाल उठे। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान तथा गुजरात में सैकड़ों किलोमीटर के इलाके में फैली अरावली पहाड़ियां कैसे एक जीवन-रेखा की भूमिका में खड़ी हैं और पर्यावरण के लिहाज से इसकी कितनी अहमियत है। ऐसे में स्वाभाविक ही यह सवाल उठा कि इस पर्वत श्रेणी में निर्बाध खनन गतिविधियों को अगर खुली छूट दी गई तो यह सार्वजनिक हित के लिहाज से कितना सही है। पर्यावरण विशेषज्ञों और इस मसले पर शोधकर्ताओं का साफ मानना रहा है कि अगर सौ मीटर से नीचे की सभी पहाड़ियों में खनन की इजाजत दे दी जाती है, तो इसका असर समूचे इलाके में पड़ेगा। पश्चिम की तरफ से आने वाली गर्म हवा और धूल भरी आंधियों को रोकने में अरावली की पहाड़ियां एक तरह की दीवार का काम करती हैं। इस संदर्भ में देखें तो इन पहाड़ियों की यह भूमिका और महत्त्व सभी जानते हैं कि अगर इन्हें नुकसान पहुंचा, तो पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के इलाकों में धूल भरी आंधियों और सूखे का प्रकोप काफी बढ़ जाएगा। ऐसे में अगर अरावली पहाड़ियों के संरक्षण को लेकर कोई सख्त नियम-कायदे तय नहीं किए गए

# कई सवालों के जवाब देगा नया साल

*भाजपा की चर्चा की जाए तो विधानसभा चुनाव इसकी पुष्टि करेंगे कि नए क्षेत्रों में पैठ बनाने के उसके प्रयासों को कितनी सफलता मिलेगी? जिन राज्यों में चुनाव होना है, वहां केवल असम में ही उसकी सरकार है और पुडुचेरी में उसके समर्थन वाली सरकार सत्तारूढ़ है। दस साल से असम की सत्ता पर काबिज भाजपा के लिए फिर से सत्ता में वापसी की ठीकठाक संभावनाएं तो दिख रही हैं, लेकिन यह तय है कि उसे इस बार गौरव गोगोई के नेतृत्व वाली कांग्रेस से कड़ी चुनौती मिल रही है। अगर कांग्रेस ने राजनीतिक कौशल दिखाया तो भाजपा के समीकरण गड़बड़ा भी सकते हैं। बंगाल में तमाम प्रयासों के बावजूद पार्टी दूसरे क्रम पर ही अटकी हुई है। ममता बनर्जी ने राज्य की सत्ता पर जिस मजबूती के साथ पकड़ बनाई हुई है, उससे भाजपा के लिए राह बिल्कुल आसान नहीं होने वाली। हालांकि बिहार की जीत से उत्साहित भाजपा नई*

देश के राजनीतिक परिदृश्य को निर्धारित करने के दृष्टिकोण से अगला वर्ष बहुत महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। अगले वर्ष बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होंगे, जिसमें सभी दलों का कुछ न कुछ दांव पर लगा हुआ है। सबसे धनाढ्य नगर निकाय बृहनमुंबई नगर निगम यानी बीएमसी के चुनाव भी होने हैं। कुछ राज्यसभा की रिक्त हो रही सीटों पर चुनाव की स्थिति में भी दलों के बीच खींचतान होती हुई दिख सकती है। अगला साल कई राजनीतिक पहेलियां भी सुलझाएगा। जैसे कि क्या देश भर में बड़े पैमाने पर विस्तार कर चुकी भाजपा अपने लिए राजनीतिक रूप से अनुर्वर साबित हो रहे प्रदेशों में भी अनुकूल स्थितियां बनाकर पैठ बढ़ा पाएगी या नहीं? भारत जोड़ो यात्रा के बाद पटरी पर आई कांग्रेस की जो गाड़ी फिर से बेपटरी हुई, क्या वह वापस पटरी पर आ पाएगी या नहीं? क्या अस्तित्व के संकट से जूझ रहे वामदल अपनी सत्ता के आखिरी दुर्ग को बचा पाएंगे या नहीं? क्षेत्रीय दल किस नियति को प्राप्त होंगे?

भाजपा की चर्चा की जाए तो विधानसभा चुनाव इसकी पुष्टि करेंगे कि नए क्षेत्रों में पैठ बनाने के उसके प्रयासों को कितनी सफलता मिलेगी? जिन राज्यों में चुनाव होना है, वहां केवल असम में ही उसकी सरकार है और पुडुचेरी में उसके समर्थन वाली सरकार सत्तारूढ़ है। दस साल से असम की सत्ता पर काबिज भाजपा के लिए फिर से सत्ता में वापसी की ठीकठाक संभावनाएं तो दिख रही हैं, लेकिन यह तय है कि उसे इस बार गौरव गोगोई के नेतृत्व वाली कांग्रेस से कड़ी चुनौती मिल रही है। अगर कांग्रेस ने राजनीतिक कौशल दिखाया तो भाजपा के समीकरण गड़बड़ा भी सकते हैं। बंगाल में तमाम प्रयासों के बावजूद पार्टी दूसरे क्रम पर ही अटकी हुई है। ममता बनर्जी ने राज्य की सत्ता पर जिस मजबूती के साथ पकड़ बनाई हुई है, उससे भाजपा के लिए राह बिल्कुल आसान नहीं होने वाली।



हालांकि बिहार की जीत से उत्साहित भाजपा नई ऊर्जा के साथ बंगाल के रण में उतरने की तैयारी कर रही है। एक रणनीति के तहत बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा भी उसने जोर-शोर से उठाना शुरू कर दिया है। दक्षिण में केरल और तमिलनाडु भाजपा के लिए दूर की कौड़ी बने हुए हैं। लोकसभा की 39 सीटों वाले तमिलनाडु में भरसक कोशिशों के बावजूद पिछले लोकसभा चुनाव में उसका खाता भी नहीं खुला था। ऐसे में वह यहां गठबंधन सहयोगियों के ही भरोसे है। केरल की दो ध्रुवीय राजनीति में भाजपा फिलहाल तीसरा ध्रुव बनने पर ही ध्यान टिकाए हुए है। तिरुअनंतपुरम के निकाय चुनाव में जीत से उसे थोड़ी ही सही, लेकिन ताकत और हौसला जरूर मिला है। ऐसे में देखना यही होगा कि विधानसभा चुनावों में पार्टी कितनी मजबूती से अपनी चुनौती पेश करती है? कांग्रेस के लिए अगला साल कम चुनौतीपूर्ण नहीं होने वाला। असम में वापसी की आस लगाए बैठी कांग्रेस बंगाल में तो लगभग हाशिए पर पहुंच गई है। तमिलनाडु में वह द्रमुक की पिछलग्गू बनकर रह गई है। पार्टी की वास्तविक उम्मीदें केरल से जुड़ी हुई हैं, जहां वह वाम दलों के मोर्चे से सत्ता झटकने की व्यूह रचना बनाने में जुटी है। उसके लिए अनुकूल संकेत हैं कि हाल के निकाय चुनाव में पार्टी को आशातीत सफलता प्राप्त हुई है। हालांकि अतीत के कई चुनावों में जीती हुई बाजी हारने के लिए जानी-जाने वाली कांग्रेस के लिए केरल में भी समस्याएं कम नहीं हैं। पार्टी में नेतृत्व को लेकर खींचतान की स्थिति है। स्थानीय इकाई में गुटबाजी के अलावा प्रदेश नेतृत्व को ताकतवर महासचिव केसी वेणुगोपाल को लेकर भी आशंकाएं कम नहीं हैं कि सत्ता मिलने पर वह मुख्यमंत्री बनने के लिए अपना दावा पेश कर सकते हैं। एक समय राज्य में पार्टी नेतृत्व को लेकर स्पष्टता का रुख रहा है

# सुधारों की बात, भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2025 को सुधारों के वर्ष के रूप में रेखांकित करते हुए यह जो कहा कि भारत रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार हो गया है और इससे 2047 तक देश को विकसित बनाने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी, उसकी सार्थकता तभी है, जब वास्तव में ऐसा होता हुआ दिखाई देगा। इससे इन्कार नहीं कि इस वर्ष कई बड़े सुधार हुए, जिनमें सबसे उल्लेखनीय रहा जीएसटी में व्यापक बदलाव। इसके अतिरिक्त बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत विदेशी पूंजी निवेश को मंजूरी देने और श्रम सुधारों के तहत 29 कानूनों को चार आधुनिक कोड में समेटकर लागू करने को भी बड़े कदम की संज्ञा भी दी जा सकती है, लेकिन अभी तो इन सुधारों का प्रभाव सामने आना शेष है। ठीक वैसे ही, जैसे इसका पता भविष्य में ही चलेगा कि मनरेगा में बुनियादी



बदलाव कर वीबी-जीरामजी नामक जो नया कानून लाया गया, उसके कितने सकारात्मक नतीजे कब तक आएंगे। यही बात शिक्षा, कारोबारी सुगमता और परमाणु ऊर्जा से जुड़े कुछ उन सुधारों पर भी लागू होती है, जो इस वर्ष देखने को मिले। सुधार के इन कदमों को जिन उद्देश्यों के साथ लागू किया गया है, उनकी पूर्ति हर हाल में हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सुधारों के सकारात्मक परिणाम केवल दिखने ही नहीं चाहिए, बल्कि वे आम आदमी को महसूस भी होने चाहिए। विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले सुधारों को प्रभावी बनाने के लिए यह अनिवार्य है कि नौकरशाही के प्रत्येक स्तर पर सुधार हो। यह ठीक है कि केंद्रीय सत्ता से जुड़ी उच्च स्तर की नौकरशाही के तौर-तरीकों में कुछ बदलाव आया है, लेकिन निचले स्तर पर उसका रवैया जस का जस है। सबसे खराब बात यह है कि नौकरशाही का भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस कारण भी आम आदमी सुधारों के समुचित लाभ का अनुभव नहीं कर पा रहा है। उसे अब भी कदम-कदम पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह समझा जाए तो अच्छा कि हर क्षेत्र में सुधारों को सही तरह लागू करने के मामले में बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसका संकेत कुछ ही दिनों पहले प्रधानमंत्री ने यह कह कर दिया था कि राज्यों को मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ कारोबारी सुगमता में सुधार और सेवा क्षेत्र को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देना होगा। पांचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने शासन, सेवा और विनिर्माण, हर क्षेत्र में गुणवत्ता को प्राथमिकता बनाने पर भी जोर दिया था। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी मेड इन इंडिया को गुणवत्ता का पर्याय नहीं बनाया जा सका है।

# जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की जनगणना की तैयारियों की समीक्षा

## जिला परिषद के सभागार में एक दिवसीय शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** जनगणना 2027 को लेकर जयपुर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बुधवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित एक दिवसीय शिविर में जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में प्रशासनिक इकाइयों की सूची व नक्शों के सत्यापन हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य राष्ट्रहित से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण मई से जून 2026 के मध्य एक माह की अवधि में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना के रूप में आयोजित किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण फरवरी-मार्च 2027 में जनसंख्या गणना की जाएगी। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि वर्ष 2011 के बाद नवगठित राजस्व ग्राम, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, नगर पालिका, नगर निगम जोन सहित सभी प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं व नक्शों का गहन सत्यापन किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। जिला कलक्टर ने सभी आयुक्त नगर परिषद व नगर जनगणना अधिकारी, जोन उपायुक्त व चार्ज जनगणना अधिकारी, तहसीलदार और अधिशासी अधिकारियों को तत्काल 'जनगणना सेल' का गठन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समयबद्ध तैयारियां पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। शिविर में जनगणना कार्य निदेशालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की टीम द्वारा बताया गया कि जनगणना-2027 पूर्णतः डिजिटल व पेपरलेस होगी। इस बार डेटा संकलन के लिए पेपर अनुसूचियों के स्थान पर मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी होगी। अधिकारियों को तकनीकी तैयारी व फील्ड लेवल प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस बार प्रश्नावली में समयानुसार बदलाव किए गए हैं और नागरिकों से कुल 33 प्रकार की जानकारियां ली जाएंगी। इनमें परिवार के खान-पान की आदतें, घर में उपलब्ध डिजिटल संसाधन जैसे इंटरनेट, कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन तथा जीवन स्तर से जुड़ी जानकारियां– वाहन, मकान की संरचना, पेयजल स्रोत, शौचालय एवं रसोई में उपयोग होने वाले ईंधन आदि शामिल हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सटीक, पारदर्शी व त्रुटिरहित जनगणना सुनिश्चित करने के लिए सभी स्तरों पर सतर्कता बरती जाएगी और जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संपादित किया जाएगा।

## अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, 30 से अधिक अवैध ढांचे हटाए

### 22,500 रुपये का जुर्माना वसूला

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर की ओर से शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी के निर्देशानुसार व उपायुक्त सतर्कता प्रथम - द्वितीय के निर्देशन में सतर्कता शाखा की टीम की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में सघन अतिक्रमण निरोधक अभियान चलाया गया। अभियान के तहत एसएमएस क्षेत्र, टोंक रोड, गांधी नगर रेलवे स्टेशन गेट नंबर-2, गोपालपुरा पुलिया, बंबाला पुलिया सहित बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, मनिहारी का रास्ता, छोटी चौपड़, लालजी चौक, चौपड़ बाजार, जोहरी बाजार, सांगानेरी गेट व एम.डी. रोड क्षेत्र में अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण हटाए गए। कार्रवाई के दौरान सड़कों, फुटपाथों व सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए ठेले, गुमटियां एवं अस्थायी ढांचों को हटाया गया। इस दौरान लगभग 30 से अधिक अवैध अतिक्रमण हटाए गए, वहीं सात ट्रक सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया। इसके अतिरिक्त मौके पर ही ?22,500/- का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया। अभियान के दौरान अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि पुनः अतिक्रमण पाया गया तो संबंधितों के विरुद्ध भारी जुर्माना एवं कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर निगम जयपुर द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि आमजन की सुविधा, यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने एवं शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने हेतु यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## सोनू लोहमरोड़ को मिलेगा रूकमणी वर्मा युवा साहित्यकार पुरस्कार

### प्रयास संस्थान की ओर से दिया जाता है यह पुरस्कार

जयपुर टाइम्स





**चूरू(निस)।** साहित्य, संस्कृति व सामाजिक सरोकारों में संलग्न स्थानीय प्रयास संस्थान की ओर से अपने वार्षिक पुरस्कारों की श्रृंखला में राजस्थान प्रांत के हिंदी साहित्य के पैंतीस वर्ष से कम वय के रचनाकारों को प्रतिवर्ष दिए जाने वाला रूकमणी वर्मा युवा साहित्यकार पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए भोजाण-राजगढ के कवि सुनील कुमार लोहमरोड़ सोनू को दिया जाएगा। प्रयास संस्थान सचिव कमल शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 के पुरस्कार के लिए सुनील कुमार लोहमरोड़ सोनू की काव्य कृति 'हुआ यूं था' का चयन किया गया है। इस पुरस्कार के तहत रचनाकार को ग्यारह हजार रुपये, शॉल, श्रीफल, मानपत्र देकर अलंकृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार अब तक उदयपुर के मिहिर पंड्या, सेवा-गंगापुर सिटी के गंगा सहाय मीणा, सवाई माधोपुर के बलराम कांवट, पोसानी-सीकर के संदीप मील, विकासनगर -डूंगरपुर के हर्षिल पाटीदार, राजगढ़ की डिंपल राठौड़ व पीलवा-जयपुर के मेवाराम गुर्जर को मिल चुका है।

## सैलानियों के लिए प्रमुख आकर्षण बने नाहरगढ़ जैविक उद्यान की टाइगर व लायन सफारी

### एक वर्ष में 3.73 लाख से अधिक पर्यटकों ने किया वन्यजीवों का दीदार



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजधानी जयपुर में स्थित नाहरगढ़ जैविक उद्यान पर्यटन के मानचित्र पर तेजी से उभरते हुए राज्य के प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। जयपुर भ्रमण पर आने वाले देशी-विदेशी सैलानियों के लिए नाहरगढ़ जैविक उद्यान के साथ-साथ यहां संचालित टाइगर व लायन सफारी विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। प्राकृतिक हरियाली के बीच वन्यजीवों को उनके स्वाभाविक परिवेश में देखने का अनुभव पर्यटकों को रोमांच और आनंद से भर देता है। सहायक वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 की अवधि में नाहरगढ़ जैविक उद्यान व सफारियों के माध्यम से कुल 3 लाख 73 हजार 869 देशी-विदेशी पर्यटकों ने वन्यजीवों का दीदार किया। इस दौरान विभाग की ओर से 2 करोड़ 36 लाख 3 हजार 620 रुपये का उल्लेखनीय राजस्व अर्जित किया गया, जो उद्यान की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में नाहरगढ़ जैविक उद्यान में 3 लाख 39 हजार 433 पर्यटक पहुंचे, जबकि 18 हजार 831 पर्यटकों ने लायन सफारी एवं 15 हजार 605 पर्यटकों ने टाइगर सफारी का आनंद लिया। दोनों ही सफारियां पर्यटन सीजन के दौरान जयपुरवासियों सहित बाहर से आने वाले सैलानियों के लिए प्रमुख आकर्षण बनी हुई हैं। शहर के समीप स्थित यह जैविक उद्यान प्राकृतिक सौंदर्य, हरियाली और वन्यजीवों का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यहां परिवार के साथ भ्रमण करने वाले पर्यटकों को न केवल मनोरंजन बल्कि वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भी संदेश मिलता है। उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में नाहरगढ़ जैविक उद्यान में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं एवं प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सहायक वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह राठौड़ व रेंज अधिकारी शुभम शर्मा की ओर से नियमित रूप से सफारियों की सघन मॉनिटरिंग कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। रेंज अधिकारी शुभम शर्मा की देखरेख में टूरिज्म मैनेजमेंट टीम द्वारा सफारी संचालन, भीड़ नियंत्रण, टिकटिंग व्यवस्था, वाहन सुविधा, दिशा-निर्देश एवं स्वच्छता प्रबंधन को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है, जिससे पर्यटकों को सुगम और सुरक्षित अनुभव मिल सके।

## ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा से 'देपुर' नाम हटाने की मांग, ग्रामीणों ने एसडीएम नावा को सौंपा ज्ञापन

### ग्राम पंचायत नामकरण को लेकर ग्रामीणो में असंतोष

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** डीडवाना जिले में नावा उपखण्ड की ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा के नामकरण को लेकर ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है। ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा से 'देपुर-रघुनाथपुरा' नाम जोड़े जाने के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी (एसडीएम) नावा को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से मांग की कि ग्राम पंचायत के नाम के साथ देपुर जोड़ना गलत है और इसे तत्काल हटाया जाए। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम रघुनाथपुरा एवं ग्राम देपुर के बीच काफी दूरी है तथा दोनों गांवों की भौगोलिक स्थिति अलग-अलग है। रघुनाथपुरा दोनों गांवों के मध्य स्थित है, ऐसे में ग्राम पंचायत का नाम केवल 'रघुनाथपुरा' ही रखा जाना चाहिए, ताकि आमजन को प्रशासनिक एवं शासकीय कार्यों में सुविधा मिल सके। 'देपुर-रघुनाथपुरा' नाम होने से राजस्व अभिलेखों, सरकारी योजनाओं, पहचान पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी मांग रखी कि ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा के नाम से देपुर हटाकर ग्राम देपुर को ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा का राजस्व ग्राम घोषित किया जाए। उन्होंने बताया कि नवसृजित ग्राम पंचायतों को लेकर सरकार की ओर से जारी प्रथम अधिसूचना में ग्राम पंचायत का नाम केवल रघुनाथपुरा दर्शाया गया था, जिसका प्रस्ताव नियमानुसार भरकर भेज दिया गया था। लेकिन दूसरी बार अधिसूचना प्रकाशित होने पर बिना किसी ठोस कारण के ग्राम रघुनाथपुरा के पीछे देपुर का नाम जोड़ दिया गया, जो पूरी तरह अनुचित है।इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर ज्ञापन सौपा।

## नावां उप जिला अस्पताल जमीन आवंटन बना आफतः बाहर निर्माण हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** डीडवाना जिले के नावा शहर में उप जिला राजकीय चिकित्सालय के नवीन भवन के लिए भूमि आवंटन को लेकर जनआक्रोश लगातार गहराता जा रहा है। शहर की सामाजिक संस्थाओं, ट्रेक्टर यूनियन ग्राम मोहनपुरा, युवा शक्ति नावा सिटी एवं आम नागरिकों ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की है कि उप जिला चिकित्सालय का निर्माण नावा शहर की सीमा में, लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम परिसर में ही किया जाए, जहां पूर्व में भूमि आवंटित की जा चुकी है। ट्रेक्टर यूनियन ग्राम मोहनपुरा की ओर से उपखंड अधिकारी को सौंपे गए प्रार्थना-पत्र में बताया गया कि नावा में वर्षों से संचालित चिकित्सालय आमजन की पहुंच में है, जबकि वर्तमान में प्रस्तावित नया भवन शहर से लगभग 7 किलोमीटर दूर राजास क्षेत्र में आवंटित किया गया है। यह स्थान दूरस्थ होने के कारण आवागमन के साधन सीमित हैं, जिससे बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं गंभीर रोगियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। वहीं युवा शक्ति नावा सिटी एवं अन्य संगठनों ने जिला कलेक्टर डीडवाना-कुचामन के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि वर्तमान अस्पताल भवन अत्यंत जर्जर और असुरक्षित हो चुका है। बरसात के दौरान छतों से पानी टपकता है, दीवारों से प्लास्टर गिरता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र ही शहर की सीमा में, आमजन की पहुंच योग्य भूमि पर निर्माण शुरू नहीं हुआ तो जन आंदोलन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संगठनों ने जनहित में लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम परिसर में ही नवीन अस्पताल भवन के निर्माण की पुरजोर मांग की है। साथ अभी संघठनो ने चेतावनी देते हुए कहा है कि उपजिला चिकित्सालय शहर से बाहर बनाया जाता है तो जनांदोलन का रुख अपनाने पर आमजनता मजबूर होगी।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने किया दौरा



### आधुनिक लैब व शोध कार्यों की सराहना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय), जयपुर में आयुर्वेद विभाग, राजस्थान सरकार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी सुबीर कुमार ने बुधवार को एकदिवसीय दौरा किया। इस अवसर पर संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने उनका स्वागत किया। दौरे के दौरान कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने संस्थान की ओर से आयुर्वेद चिकित्सा, शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने प्रिंसिपल सेक्रेटरी को संस्थान के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। प्रिंसिपल सेक्रेटरी सुबीर कुमार ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में स्थापित अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं व तकनीकों की सराहना करते हुए कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में चिकित्सा और शिक्षा का यह संस्थान देशभर में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की ओर से संस्थान के विस्तार के लिए जयपुर में शीघ्र ही भूमि उपलब्ध कराने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक आमजन को आधुनिक तकनीक के साथ आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ मिल सके। एकदिवसीय दौरे के दौरान सुबीर कुमार ने संस्थान की ओपीडी, क्रिया शरीर विभाग में स्थापित एडवांस ह्यूमन फिजियोलॉजी लैब, सिम्युलेशन लैब, एनाटॉमी विभाग, फार्मेसी विभाग, एनिमल हाउस, ड्रग लैब सहित अन्य विभागों की कार्यप्रणाली का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त निदेशक जे.पी. शर्मा, उपनिदेशक चन्द्रशेखर शर्मा, डॉ. नरिंदर सिंह व वरिष्ठ सलाहाकार एन.एन. कुटी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्य कर विभाग की अवैध पान मसाला व मार्बल ग्रेनाइट के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राज्य कर विभाग के आयुक्त कुमार पाल गौतम के निर्देशों की अनुपालना में विभाग द्वारा पान मसाला और ग्रेनाइट के अवैध परिवहन के विरुद्ध गई सघन जांच में बड़ी सफलता प्राप्त की है। विभाग की अलग अलग टीमों ने प्रदेश के विभिन राजमार्गों पर 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आकस्मिक जांच कार्यवाही कर 13 वाहनों को जब्त किया है। इन वाहनों में परिवहन किए जा रहे माल के दस्तावेजों की जांच में पाया गया कि अधिकांश वाहनों में बिना उचित दस्तावेजों (बिल और ई-वे बिल आदि) के माल परिवहन किया जा रहा था। कुछ वाहनो में माल के दस्तावेजों में कर मुक्त माल के दस्तावेज बनाये जा कर पान मसाला परिवहनित किया जा रहा था तथा कुछ में माल अलग माल दर्शा कर में माल का विवरण गलत पाया गया। जबकि कुछ वाहनों में माल के पाने वाले के पते भी गलत बताए गए थे। विभाग की यह कार्रवाई सीकर , जयपुर, भरतपुर और अन्य क्षेत्रों में की गई। विभाग की ओर से जब्त किए गए वाहनों और माल का मूल्यांकन किया जा रहा है और आगे की कार्रवाई के लिए नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई जाएगी। मुख्य आयुक्त की ओर से विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि ऐसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए और अधिक सख्ती से कार्रवाई की जाए, ताकि राजस्व की हानि को रोका जा सके। उलेखनीय है कि गत दिनों विभाग की ओर से आयरन स्टील , रियल एस्टेट माइनिंग सेक्टर आदि में कार्यवाही कर लगभग 450 करोड़ की कर चोरी उगजगार की गई थी। इसके साथ ही पान मसाला सुपारी स्क्रैप मार्बल आदि के 28 वाहनो जब्त किया गया है ।

# राजस्थान में 3,624 जर्जर सरकारी स्कूल होंगे खाली, छुट्टियों से पहले सुरक्षित विद्यालयों में शिफ्ट होंगे छात्र

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ा और अहम निर्णय लिया है। राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि प्रदेश में 3 हजार 624 ऐसे सरकारी स्कूल चिन्हित किए गए हैं, जिनकी इमारतें अत्यधिक पुरानी, जर्जर और असुरक्षित हो चुकी हैं। इन स्कूलों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को जल्द ही पास के सुरक्षित सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया स्कूलों की छुट्टियां समाप्त होने से पहले पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के कार्यालय की ओर से इस संबंध में मंगलवार को एक विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जर्जर हालत वाले स्कूल भवनों में बच्चों की पढ़ाई कराना जोखिम भरा हो सकता है, इसलिए बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें नए और सुरक्षित विद्यालयों में शिफ्ट किया जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को तुरंत तैयारी शुरू करने और बच्चों व उनके अभिभावकों को समय रहते सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश चल रहा है, ऐसे में इसी अवकाश अवधि का उपयोग करते हुए स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विज्ञप्ति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि छात्रों को बहुत दूर नहीं भेजा जाएगा, बल्कि उन्हें उनके वर्तमान स्कूल के आसपास स्थित नजदीकी सरकारी स्कूलों में ही स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि बच्चों की पढ़ाई और दिनचर्या पर कोई नकारात्मक असर न पड़े। स्थानांतरण के बाद अतिरिक्त स्टाफ की जिम्मेदारी होगी कि बच्चों के दाखिले, नियमित उपस्थिति और पढ़ाई की निरंतरता बनी रहे। सरकार की मंशा है कि इस प्रक्रिया के दौरान कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे और किसी भी स्तर पर ड्रॉपआउट की स्थिति उत्पन्न न हो। शिक्षा विभाग के शिक्षकों को यह निर्देश भी दिए गए हैं कि वे स्थानांतरित होने वाले विद्यार्थियों के माता-पिता से लगातार संपर्क बनाए रखें। खासतौर पर उन बच्चों के अभिभावकों से संवाद किया जाएगा, जो पहले से ही स्कूल आने में अनियमित रहे हैं। इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएंगे, ताकि अभिभावकों को बच्चों की नई स्कूल व्यवस्था, समय और अन्य जरूरी जानकारियां आसानी से मिल सकें। इसके अलावा गांव या कस्बे के सामाजिक और प्रभावशाली लोगों से भी सहयोग लिया जाएगा, जिससे बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चलती रहे और अभिभावकों में किसी तरह की शंका या असमंजस न रहे। प्रेस विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि यदि किसी जर्जर स्कूल भवन के कुछ कमरे अभी सुरक्षित स्थिति में हैं और वहां अस्थायी रूप से कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, तो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि बच्चे किसी भी हालत में खतरनाक या क्षतिग्रस्त हिस्सों की ओर न जाएं। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पूरी जिम्मेदारी शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों और पंचायत स्तर के प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों की होगी। इन सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी खंड शिक्षा अधिकारी करेंगे। हालांकि शिक्षा मंत्री कार्यालय से इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं, लेकिन शिक्षा विभाग की ओर से औपचारिक आदेश अभी जारी होना शेष है। छुट्टियों के कारण फिलहाल बच्चों और शिक्षकों की उपलब्धता सीमित है, जिससे इस निर्णय को लागू करने में कुछ व्यावहारिक चुनौतियां आ सकती हैं। इसके बावजूद सरकार का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और तय समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## धौलपुर में आम आदमी पार्टी लिखेगी विकास की नई इबारतः पंकज

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** आम आदमी पार्टी के नवनिर्वाचित जिला सचिव पंकज शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस को संबोधित करते हुए पार्टी की नीतियों, संगठनात्मक मजबूती और धौलपुर के विकास को लेकर अपना विज़न साझा किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ईमानदार राजनीति, जनसेवा और विकास आधारित शासन की मजबूत मिसाल पेश कर रही है। पंकज शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी देश में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में एक नई और भरोसेमंद राजनीति स्थापित कर चुकी है। दिल्ली और पंजाब में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसे मूलभूत क्षेत्रों में किए गए काम इसकी पहचान हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में धौलपुर और पूरे राजस्थान की जनता को भी 'केजरीवाल की गारंटी' के तहत बेहतर सुविधाओं का लाभ मिलेगा। पंकज शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी का लक्ष्य आमजन को विश्वस्तरीय शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, मुफ्त व सस्ती बिजली, स्वच्छ पानी और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी भ्रष्टाचार मुक्त शासन और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर काम करती है। उन्होंने कहा, 'आम आदमी पार्टी वादों की नहीं, बल्कि काम की राजनीति करती है। धौलपुर में संगठन को मजबूत करते हुए जनता से जुड़े हर मुद्दे को मजबूती से उठाया जाएगा और केजरीवाल मॉडल को धरातल पर उतारने के लिए पूरी निष्ठा से काम किया जाएगा।' संगठन को मिल रही नई ऊर्जा पंकज शर्मा ने बताया कि जिला अध्यक्ष मूबीन अहमद फारूकी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की धौलपुर इकाई लगातार मजबूत हो रही है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में नया उत्साह और ऊर्जा देखने को मिल रही है।

## 135 बंद पड़ी सीवर लाइन को खोला



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर, हवामहल जोन के वार्ड संख्या 135 में बंद पड़ी सीवर लाइन को आधुनिक रोबोट मशीन की सहायता से सफलतापूर्वक खोला गया। मशीन सीवर के अंदर जमी गंदगी, कीचड़, प्लास्टिक व अन्य अवरोधों को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालती है। इस तकनीक से बिना मैनुअल हस्तक्षेप के काम किया जाता है, जिससे सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और कार्य तेजी व प्रभावी ढंग से पूरा होता है।

## राधे-राधे गौशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती बागावास अहिरान के राधे-राधे गौशाला में बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन के अंतर्गत आसपास सहित दूर दराज के लोगों ने हिस्सा दिया। वही महासी कमलेश दायमा व डांसर मोनू की टीम ने सुंदर नेहडा भजनों की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जहां कार्यक्रम शाम करीब 5 बजे तक चला। वहीं क्षेत्र को गौ माता के जयकारों से ग्रामीणों ने गुंजायमान किया। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भोमिया जी महाराज की कृपा से गौशाला में सांस्कृतिक भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व सरपंच रमेश चंद्र यादव, युवा नेता महेश यादव, सत्तार खान, शीशराम यादव, जितेंद्र, हरि यादव, मुकेश यादव, बनवारी लाल यादव, कैलाश ठुकरान, नाथूराम मोटन, ओमकार भंगार, रामेश्वर बॉस, गिरधारी यादव, रामजीलाल यादव सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

## रेनवाल मांझी में बाल मेले का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** रेनवाल मांझी कस्बे के शक्ति विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को बाल मेलें का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की स्टाल लगाई। जिसमें पानी पतासी, गाजर का हलवा, गुलाब जामुन, प्रसिद्ध पोहे, आलू के पराठे, खीर जलेबी, समोसा, पास्ता, सैंडविच, इडली डोसा सहित व्यंजन तैयार किए गए।और स्टॉल लगाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व केक काटकर किया गया। साथ ही आतिशबाजी की गई। प्रधानाध्यापक रामराज चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाजसेवी नेता रामस्वरूप निठारवाल, संस्था निदेशक मांगू सिंह धाभाई, उप प्रधानाचार्य रामोतार बैरवा, महेश चौधरी, जीतराम चौधरी, सरोज मौर्य, विष्णु शर्मा, गणेश सिंह, कल्पना शर्मा, संदीप कुमार, दिनेश रमन, मुकेश नोराला, पूनम शर्मा, नीतू बैरवा, पूनम शर्मा, मनोहर बैरवा के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।



# जूनियर वर्ग में मचकुंड फुटबॉल क्लब व सोना ब्रिक्स फुटबॉल क्लब के बीच होगा फाइनल मुकाबला

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** सिक्ख समुदाय व खालसा क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शहीद भगत सिंह फुटबॉल लीग सीजन 3 का सेमीफाइनल मुकाबला मचकुंड फुटबॉल क्लब ने स्पाइसी फुटबॉल क्लब को 2-0 से हराकर जीत लिया है। और फाइनल में अपनी जगह पक्की की है। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में सोना ब्रिक्स फुटबॉल क्लब ने पचौरी फुटबॉल क्लब को 2-1 से पराजित किया है। सेमीफाइनल के अतिथि जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल जीवन का अहम हिस्सा होता है और खेलों से शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है तथा शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को अनिवार्य रूप से खेलना चाहिए। उन्होंने शहीद भगत सिंह फुटबॉल लीग के आयोजकों बधाई दी और कहा कि निश्चित रूप से इस प्रकार के आयोजनों से धौलपुर फुटबॉल को नई पहचान स्थापित होगी। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शैलेंद्र यादव ने कहा कि फुटबॉल का इतना बड़ा आयोजन धौलपुर में पहले कभी नहीं देखा, पिछले तीन वर्षों से शहीद भगत सिंह फुटबॉल लीग ने धौलपुर में फुटबॉल का बहुत अच्छा माहौल बना दिया है। फुटबॉल के खिलाड़ियों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पूरे संभाग स्तर पर इतना बड़ा आयोजन डे नाइट कराया जा रहा है, वह पहली बार देखने को मिल रहा है। मंजरी फाउंडेशन के संस्थापक संजय शर्मा ने कहा कि फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए खालसा क्लब व सिक्ख समुदाय द्वारा जो आयोजन किया गया है इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए। इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से हमारे जिले की प्रतिमाओं को एक मंच प्राप्त होता है। सोना ब्रिक्स और पचोरी फुटबॉल क्लब के बीच मैच काफी रोमांचित भरा रहा जिसमें सोना ब्रिक्स ने 2-1 से विजय प्राप्त की। फर्स्ट हाफ के बाद पचौरी फुटबॉल क्लब में 1 गोल के साथ बढ़त ली थी। मैच की अंतिम क्षणों में रेफरी की ओर से उनके एक खिलाड़ी को रेड कार्ड दिखा कर ग्राउंड से बाहर का रास्ता दिखाया। खिलाड़ी के बाहर होते ही पहले ही मिनट में गोल हो गया और उसके बाद सोना ब्रिक्स की ओर से लगातार दूसरा गोल कर अपनी टीम के लिए फाइनल में जगह पक्की की। वही रेड कार्ड के साथ पचौरी फुटबॉल क्लब टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अकील अहमद, हरी बाबू शर्मा, पूर्व पार्षद नरेंद्र गोस्वामी, राजू खान, रविमोहन त्रिवेदी, विमल शर्मा, सौरभ गुर्जर, मोहम्मद जाकिर हुसैन व बबलू खान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के रेफरी राजस्थान फुटबाल संघ के दिनेश कुमार ललिता चौधरी जावेद अली अनुराधा बिलवाल व जावेद खान रहे। सीनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला 5:00 बजे से शुरू किया जाएगा जूनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला 7:00 बजे से शुरू किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान होंगे।

## बसेड़ी में निशुल्क ईएनटी और हृदय जांच शिविर में 104 रोगियों की जांच

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर/ बाडी(निस)।** बसेड़ी अग्रवाल सेवा समिति ने बुधवार को अग्रवाल धर्मशाला में निःशुल्क हृदय और ईएनटी जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 197 मरीजों ने पंजीकरण कराया और जिंदल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर का शुभारंभ सुबह 10 बजे अग्रसेन महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया और यह दोपहर 3 बजे तक चला। इसमें मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी सहित नाक, कान, गला जैसी महत्वपूर्ण जांचें की गईं। मरीजों को दवाओं के साथ बीमारी के बारे में जानकारी और विशेष परामर्श भी दिया गया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मितुल ने हृदय संबंधी अधिक परेशानी वाले मरीजों की मौके पर ही ईसीजी जांच कर रिपोर्ट प्रदान की। शिविर में कुल 104 रोगियों की ईसीजी जांच की गई। डॉ. मितुल ने बताया कि आजकल की जीवनशैली और खान-पान की आदतों के कारण हृदय रोगियों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने इलाज के साथ-साथ जीवनशैली में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. मितुल ने 30 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में साइलेंट अटैक की बढ़ती घटनाओं का उल्लेख करते हुए सही खान-पान, रात में जल्दी सोना, सुबह जल्दी उठना और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. लोकेश गर्ग ने मरीजों को अच्छी स्वच्छता बनाए रखने, भीड़-भाड़ से बचने, धूम्रपान न करने, हाइड्रेटेड रहने, पौष्टिक आहार लेने और एलर्जी को नियंत्रित करने जैसी सावधानियां बरतने को कहा। अग्रवाल समाज अध्यक्ष हरिओम गर्ग ने बताया कि जिंदल हॉस्पिटल से डॉ. मितुल नवदिया, डॉ. लोकेश गर्ग सहित मोहन लाल, चंद्रभान, महावीर शर्मा और आकाश की टीम ने शिविर में अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर सुरेश चंद गोयल, बृजेश गर्ग, कृष्ण मुरारी मंगल, कैलाश चंद गोयल, दामोदर मित्तल, संजय अग्रवाल, केके मित्तल, अंकुर बंसल, रवि गोयल दौपुरा, मुन्नालाल, नेमीचंद सिंघल, जितेंद्र उर्फ लाला सहित समाज के कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बाइक से स्टंट कर सिगरेट के लच्छे उड़ाता आरोपी गिरफ्तार, एक आरोपी बीएनएस एक्ट में गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार आरपीएस व वृताधिकारी वृत बाडी महेन्द्र मीणा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन व देवेन्द्र शर्मा पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना बाड़ी जिला धौलपुर के नेतृत्व में पुलिस थाना बाड़ी की ओर से दो युवकों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पहली घटना विवरण पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना बाड़ी की ओर से प्रत्येक दिन ट्यूशन क्लास व शिक्षण संस्थानों के आस-पास सादा वस्त्रों में पुलिस कर्मी भेज कर असामाजिक तत्वों पर निगरानी की जा रही थी। इसी क्रम में 30 दिसम्बर को भी पुलिस कर्मी भेज कर निगरानी कराई जा रही थी। तो एक लड़का लड़कियों की ट्यूशन क्लास के पास बाइक से स्टंट कर सिगरेट पी रहा था। जो बार-बार चक्कर लगा रहा था। जिसको रोककर समझाइश की। फिर भी नहीं माना। जिससे नाम पता पूछा तो अपना नाम बिक्रम पुत्र रोशन मीना उम्र 19 साल निवासी कांसोटी खेड़ा थाना बाड़ी सदर जिला धौलपुर होना बताया। जिसे शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। दूसरी घटना विवरण रात्रि गश्त के दौरान अस्वाभाविक बाड़ी में एक युवक नलकूपों के केबल व बायर काटने का प्रयास करता हुआ मिला। जिससे रात्रि के समय सूने बाजार में घूमने व नलकूपों के केबल व बायर काटने के प्रयास के सम्बन्ध में पूछताछ की गई। तो कोई सन्तोष पूर्ण जबाव नहीं दिया और इसी प्रकार बाजार में घूमना बताया। जिससे नाम पता पूछा तो अपना नाम गोविन्द पुत्र पप्पू ठाकुर उम्र 25 साल निवासी ठाकुर पाड़ा बाड़ी थाना बाड़ी जिला धौलपुर का होना बताया। जिसे धारा बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया।

## राजाखेड़ा में यूरिया उर्वरक की किल्लत, घंटों कतार में लग रहे किसान




### सुबह 11 बजे से लाइन में लगे किसान, शाम 7 बजे तक मिला सिर्फ दो बैग

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा कस्बे में इस साल अतिवृष्टि की मार झेल चुके राजाखेड़ा कस्बे के किसानों को अब यूरिया उर्वरक की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में यूरिया उर्वरक की कमी से परेशान किसान बुधवार को खाद-बीज दुकानों पर पहुंची रैक के बाद किसान उमड़ पड़े। पुरुषों के साथ महिलाएं भी घरेलू कामकाज छोड़कर सुबह 11 बजे से अम्बरपुर रोड,हाट मैदान चौकी के सामने लाइन में लग गईं, किसानों को केवल दो दो बैग वितरण किए गए। राजाखेड़ा कार्यवाहक सहायक कृषि अधिकारी रामविलास ने स्थिति का जायजा लिया और पुलिस की मौजूदगी में 1500 बैग उर्वरक अम्बरपुर रोड, हाट मैदान चौकी से वितरण के निर्देश दिए। पुलिस एवं सहायक कृषि अधिकारी तथा कृषि पर्यवेक्षकों की सहायता से शांतिपूर्वक यूरिया का वितरण कराया गया किसान सोनू का कहना है कि अतिवृष्टि और अनावृष्टि के बाद अब उर्वरक की कमी ने उनकी मुसीबतें बढ़ा दी हैं। जैसे-तैसे बीज बोकर फसल उगा ली, लेकिन यूरिया उर्वरक समय पर न मिलने से फसल को खराब हो रही है. राजाखेडा सहायक कृषि अधिकारी रामविलास ने बताया कि प्रशासन के निर्देश पर एक आधार कार्ड पर मात्र दो यूरिया बैग दिया जा रहा है, जो उनकी जरूरत के मुकाबले नाकाफी है। आलू, गेहूं और सरसों की खेती करने वाले किसानों के लिए यह 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान है। इससे उन्हें फिर लाइन में लगना पड़ेगा और उर्वरक की कमी का सामना करना होगा। सहायक कृषि अधिकारी रामविलास ने बताया कि 19 दिसंबर को जो यूरिया उर्वरक तीन फर्मो पर आया था जिन्होंने कृषि विभाग की बिना अनुमति के यूरिया उर्वरक को वितरण होना बताया गया जबकि किसानो की शिकायतो पर जांच की गई तो तीनो डीलरों ने रात्रि में वितरण होना बताया गया था जिसमें उच्च अधिकारियों के निर्देशन में जांच की गई जांच के बाद डीलरों की लापरवाही सामने आने पर 14-14 दिन के लिए लाइसेंस निलंबित किए हैं। खाद वितरण करने वाली टीम राजाखेड़ा सहायक कृषि अधिकारी रामविलास के साथ देवेंद्र कुमार कृषि पर्यवेक्षक, दुष्यंत कुमार कृषि पर्यवेक्षक व डीलर्स तथा पुलिसकर्मी सम्मिलित रहे।

## आभा आईडी बनाओ, अस्पताल की कतारों से मुक्ति पाओ



### जिला अस्पताल, उप जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुविधा प्रारंभ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए डिजिटल एवं गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा को विकसित किया गया है। इसके तहत वन नेशन वन हेल्थ आईडी बनाने के लिए आपको आभा आईडी बनानी होगी। इससे आपके हैल्थ से जुड़े सभी रिकार्ड फोन पर देख सकेंगे। फाइल के गुम हो जाने, चिकित्सक की पर्ची के नहीं मिलने की परेशानी से निजात मिलेगी। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि आभा आईडी बनाकर, अस्पतालों में लगाने वाली कतार से मुक्ति पाई जा सकती है। जिले के सभी जिला अस्पताल और उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में यह सुविधा शुरू हो चुकी है। इसके तहत आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आईडी) होनी जरूरी है। आईएचएस पोर्टल पर आभा आईडी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करने पर नागरिकों को अपने हेल्थ रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध हो सकेंगे। मरीज अपना हेल्थ रिकॉर्ड अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकता है और उपचार से संबंधित सभी दस्तावेज के गुम होने की कोई चिंता नहीं होगी तथा चिकित्सक की ओर से मरीज से पुराने हेल्थ रिकॉर्ड मांगे जाने पर तथा मरीज की सहमति के बाद डिजिटल दस्तावेज शेयर किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा व सुविधाओं का लाभ लेने के लिए आभा आईडी पंजीकरण करवाया जाना जरूरी है। आभा आईडी नागरिकों के आधार नंबर तथा जन आधार से बनाई जा सकती हैं। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने जिले के नागरिकों से अपील कि है कि वे जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाते समय असुविधा से बचने के लिए आधार या जन आधार एवं इनसे जुड़े मोबाइल नंबर साथ लेकर जाए और चिकित्सालय की ओपीडी पंजीकरण के लिए आभा आईडी बनाकर पंजीकरण करवाए और चिकित्सालय में प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके आभा आईडी के माध्यम से ओपीडी रजिस्ट्रेशन करवाए और अपनी बारी आने पर चिकित्सक से उपचार करवाएं।

# प्रेम प्रसंग में खौफनाक साजिशः पत्नी ने प्रेमी संग रची पति की हत्या

### आत्मा आने का नाटक कर परिजनों को गुमराह किया

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले के सैंपऊ थाना क्षेत्र के दौनारी गांव में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। यह कोई हादसा या रहस्यमयी मौत नहीं, बल्कि प्रेम प्रसंग के चलते रची गई सुनियोजित हत्या थी। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस वारदात में खुद मृतक की पत्नी ही साजिशकर्ता निकली, जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की बेरहमी से हत्या करवाई।

### शेरगढ़ किले के पास खाई में मिला शवः

पुलिस के अनुसार सोमवार 29 दिसंबर की शाम को कोतवाली थाना इलाके में शेरगढ़



किले के पास करीब 50 फीट गहरी खाई में एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान दौनारी निवासी रविकांत (34) पुत्र सोरन सिंह के रूप में हुई। शव का सिर और चेहरा पत्थर से बुरी तरह कुचला हुआ था, जिससे पुलिस को शुरुआत से ही हत्या की आशंका हुई।

### दो दिन से था लापता, दर्ज थी गुमशुदगीः

रविकांत 27 दिसंबर को गांव से बाजार जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी उसी दिन से बंद आ रहा था। परिजनों ने सैंपऊ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस और परिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे हुए थे।

### आत्मा आने का नाटक, खून से सनी चुनरी दिखाईः

मामले ने तब अजीब मोड़ ले लिया, जब मृतक की पत्नी रजनी ने परिजनों से कहा कि उस पर उसके पति की आत्मा आई है। इसके बाद वह परिजनों को शेरगढ़ किले के पास ले गई। वहां खून से सनी चुनरी और एक पत्थर मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। तलाशी के दौरान खाई में शव बरामद हुआ।

### प्रेमी ने कबूला जुर्म, गिरफ्तार

धौलपुर एसपी विकास सांगवान ने बताया कि इसे ब्लाइंड मर्डर मानते हुए विशेष टीम गठित की गई। जांच में मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी शाहरुख खान पर संदेह गहराया। पूछताछ में शाहरुख ने हत्या की पूरी साजिश कबूल कर ली, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### कैसे रची गई हत्या की साजिशः

आरोपी शाहरुख ने पुलिस को बताया कि करीब एक साल पहले उसकी पहचान रजनी से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। छह महीने बेंगलुरु में रहने के बाद रविकांत 26 दिसंबर को घर लौटा और उसी रात शाहरुख भी उसके साथ घर आया। अगले दिन रजनी के कहने पर शाहरुख रविकांत को बाइक पर बैठाकर शेरगढ़ किले ले गया। वहां मंदिर के पीछे उसे शराब पिलाई और नशे की हालत में पत्थर से सिर पर दो वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को खाई में फेंक दिया गया।

### इकलौता बेटा था रविकांत

रविकांत अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वह बेंगलुरु में दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके दो छोटे बच्चे हैं–एक 7 साल की बेटी और 5 साल का बेटा। हत्या के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

### पुलिस जांच जारीः

पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। मृतक की पत्नी रजनी की भूमिका को लेकर भी गहन जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम में शामिल हर पहलू की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्लास्टिक बोतलों में पेट्रोल बेचते पकड़ा गया दुकानदार, अवैध 20 लीटर पेट्रोल किया जब्त

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में अवैध रूप से पेट्रोल की बिक्री की सूचना मिलने पर जिला रसद अधिकारी चूरू अंशु तिवाड़ी के नेतृत्व में संयुक्त जांच दल की ओर से कार्रवाई की गई। संयुक्त दल को सूचना मिली थी कि सरदारशहर सब्जी मंडी क्षेत्र में स्थित एक किराना दुकान पर पेट्रोल को प्लास्टिक की बोतलों में भरकर बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम भव्य जनरल स्टोर पर मौके पर पहुंची। जहां दुकानदार दिलीप कुमार निवासी वार्ड 47 सरदारशहर उपस्थित मिला। जांच के दौरान दुकान से प्लास्टिक की 20 बोतलों में भरा हुआ कुल 20 लीटर पेट्रोल बरामद किया गया। प्रत्येक बोतल की क्षमता एक लीटर पाई गई। पूछताछ में दुकानदार दिलीप कुमार ने स्वीकार किया कि वह उक्त पेट्रोल, पेट्रोल पंप से खरीदकर लाता था और प्रति बोतल 10 रुपये लाभ लेकर दुपहिया वाहन चालकों को बेचता था। संयुक्त जांच दल द्वारा मौके पर पाए गए 20 लीटर पेट्रोल को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई। साथ ही दुकानदार दिलीप कुमार को भविष्य में पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री नहीं करने के लिए पाबंद किया गया। कार्रवाई में प्रवर्तन निरीक्षक सम्पत कुमार व सीमा जूनवाल शामिल रहे। नियमानुसार ज्वलनशील पेट्रोल, डीजल की बोतल या केन में बिक्री अवैध है। बावजूद इसके पेट्रोल पंप संचालक अधिक बिक्री के चक्कर में ग्रामीणों व दुकानदारों को बोतलों के साथ केन में भर कर पेट्रोल, डीजल बेच देते हैं। यही पेट्रोल शहर के साथ आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम बेचा जाता हैं।लेकिन इस ओर जिम्मेदार महकमा ध्यान नहीं दे रहा है। इससे कारोबारियों को कोई डर नहीं है।




## केरोसिन और थिनर की करते हैं पेट्रोल में मिलावटः

ज्वलनशील पेट्रोल, डीजल की बोतल या केन में बिक्री गैरकानूनी तो है ही मिलावट का भी धंधा खूब फल फूल रहा है। छोटी सी लापरवाही तबाही मचा सकती है। अवैध रूप से पेट्रोल बेचने वाले ये लोग विभिन्न पंपों से बड़े जरीकन में पेट्रोल खरीद कर लाते हैं। फिर इसमें सॉल्वेंट, थिनर और केरोसिन तेल आदि मिलाकर बेचते हैं। इसके प्रयोग से वाहन के इंजन को भी नुकसान होता है। समय-समय पर इन पर कार्रवाई होने से इस तरह के अवैध व्यापार पर लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन कार्रवाई करें कौन जब इस तरह के मामले सामने आने पर कार्रवाई कर इतिश्री कर ली जाती हैं।

# गौसेवा ही मनुष्य जीवन की सार्थक कमाई है : महर्षि



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़( निस)।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लूंछ में बुधवार को श्री कृष्णा गौशाला सेवा समिति में ग्रामवासियों की ओर से निर्मित टिनशैड का लोकार्पण रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि व् हांडिया बाबा बगीची के महंत गंगानाथ महाराज ने समारोहपूर्वक किया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में गौशाला समिति के पदाधिकारियों व् ग्रामवासियों ने पूर्व विधायक महर्षि का 51 किलो की माला से भव्य स्वागत किया। इस दौरान महर्षि ने कहा कि मनुष्य जीवन में पुन्य कार्य करना बहुत बड़ी बात है। मनुष्य का जीवन भी तभी सार्थक होता है जब सार्थक कमाई की जाए। और गौसेवा ही मनुष्य जीवन की सार्थक कमाई है। इसे श्री कृष्णा गौशाला समिति के पदाधिकारी व् ग्रामवासी गौसेवा करके कमा रहे है। महर्षि ने कहा कि मनुष्य जीवन दुर्लभ है मनुष्य को इसकी सार्थकता बनाई रखनी चाहिए। गौशाला समिति के अध्यक्ष श्याम सिंह राठौड़ ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर भाजपा नेता अर्जुन सिंह,स्वरूप सिंह,दीनदयाल पारीक, साबू सिंह, रतन सिंह राठौड़, सुरेश कुमार श्योरान, मुरलीधर शर्मा,श्रवन इन्दौरिया, गोवर्धन जागीड, करणी राम नाई,अन्ना राम गोदारा, भगवाना राम नाई, धन्नाराम स्वामी,नथमल शर्मा, भागीरथ शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।






# अभिभावक मिलन व परिचय सम्मेलन में दिखा उत्साह

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** बगड़िया बाल विद्या निकेतन में मंगलवार को अभिभावक मिलन एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों और विद्यालय के बीच समन्वय व सहयोग को सुदृढ़ बनाना रहा। आयोजन में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान फायरलेस कुकिंग, फ्रूट सलाद डेकोरेशन, म्यूजिकल चेयर व लकी ड्रॉ जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। वहीं विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों गीत व नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सीमा शर्मा व आशा रानी शर्मा रहीं। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. ए. के. पांडेय, विपिन शर्मा (प्राचार्य), पवन गोयंका (सचिव), नरेश दाधीच (बी.एड. प्राचार्य) तथा श्रीमती निधि जोशी (मोंटेसरी इंचार्ज) उपस्थित रहे। फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में पूजा सुरोलिया प्रथम, कविता जाजोदिया द्वितीय व सुनीता जाजोदिया तृतीय रहीं। फ्रूट सलाद डेकोरेशन में एकता जाजोदिया ने प्रथम, नीलम शर्मा ने द्वितीय और कौशल्या गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 'वुमन ऑफ द ईयर' सम्मान सुमित्रा मेहरा को दिया गया। म्यूजिकल चेयर की विजेता शर्मिला मील व कौशल्या गुर्जर रहीं। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार व उपहार प्रदान किए गए। आयोजन सफल व यादगार रहा।


















स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
1 जनवरी, 2026

## केसरिया हिन्दू वाहिनी के पदाधिकारियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** एसपी कार्यालय में केसरिया हिन्दू वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष अनीता जोशी के नेतृत्व में शहर में स्पा सेंटरों में अनैतिक कार्य को रूकवाने की मांग को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। केसरिया हिन्दू वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष अनीता जोशी ने बताया कि शहर में स्पा सेंटर की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है, जिसके कारण शहर में युवक युवतियों पर बहुत ही बुरा असल पड़ रहा है। एक दो सपा सेन्टर तो शहर के बीचो बीच है जिसके कारण मोहल्ले के युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। चूंकि पुलिस विभाग ने इस पर कार्यवाही भी की। परन्तु ये लोग फिर से स्पा सेंटरों पर अपना अनैतिक कार्य शुरू कर दिया है। उन्होने ने बताया कि शहर के युवाओं के भविष्य को देखते हुए इन स्पा सेंटरों पर कार्यवाही करें। इस अवसर पर दिनेश लाटा, सुरेश कुमार, अनिल कुमार, प्रताप सिंह, अंकुर, लक्ष्मणराम, इकबाल, शाहरूख, गोपीचन्द व अनिल आदि मौजूद रहे।

## आपतिजनक टिप्पणी करने के दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** रतनगढ़ तहसील के गांव जांदवा में अनुसूचित जाति/जन जाति व संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विरूद्ध सोशल मीडिया पर आपतिजनक टिप्पणी करने के दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई है। उपखंड अधिकारी को गृह मंत्री के नाम सौंपे गये ज्ञापन में घटना का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि एससी/एसटी समाज व बाबा साहेब के विरूद्ध इस प्रकार की आपतिजनक व अपमानजनक टिप्पणी से सर्व समाज में आक्रोश व्याप्त है और यह लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं सामाजिक समरसता के लिए घातक है। ज्ञापन में दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा कर प्रकरण की निष्पक्ष जांच एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान एड. रामकुमार मेघवाल, ईश्वर सिंह, पूनमचंद मेघवाल, पुरूषोतम लाल चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सुजानगढ़ की बेटी ललिता गोयतान का अभिनंदन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ की बेटी ललिता गोयतान को नीट 2025 में सलेक्ट होने पर सीकर में सीएलसी की ओर से आयोजित विजयोत्सव में सम्मानित किया गया। सिक्किम के महामहिम राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर व प्रदेश सरकार में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की उपस्थिति में नीट-जेईई 2025 में चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, गौरव परिवारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुजानगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता कमल गोयतान की बेटी ललिता गोयतान को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2025 में उत्कृष्ट वरीयता प्राप्त करने व एमबीबीएस कोर्स में गवर्नमेंट सीट पर राजस्थान स्टेट में प्रवेश मिलने पर मोमेंटो, मेडल पहनाकर परिवार सहित सम्मानित किया गया।

## नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** नव वर्ष कि पूर्व संध्या पर चूरू के माधव पैलेस में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योत प्रज्वलित कर व गणेश वंदना से किया गया। कार्यक्रम संयोजक बालकृष्ण बावलिया ने बताया कि ठाकुर सत्संग कमेटी की ओर से सुंदरकांड पाठ का संगीतमय वाचन किया गया। गायक कलाकारों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। पंडित तेजपाल शर्मा ने पूजा अर्चना करवाई। इस अवसर पर मनीष, कुंतेश, शैलेश सहित शहर के अनेक व्यक्ति मौजूद रहे। बालकृष्ण बावलिया ने आए सभी का आभार व्यक्त किया।

# ओम कॉलोनी रेलवे फाटक के दोनों तरफ लगती है वाहनों की लंबी कतार, आमजन परेशान

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** चूरू जिला मुख्यालय पर प्रशासन की अनदेखी और मनमानी के कारण राह चलते लोगों को बहुत दिक्कत हो रही है। जानकारी के अनुसार पूनियां कॉलोनी में बिसाऊ रेलवे फाटक के पास पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे ही इस मार्ग पर बड़े वाहनों के लिए यातायात व्यवस्था बंद कर दी गई है। पुल के निर्माण का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। अधिकांश वाहन यहां ओम कॉलोनी रेलवे फाटक से गुजरते हैं। फाटक बंद होते ही यहां दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। आमजन को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रशासन को बार बार अवगत करवा देने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। इसी तरह अग्रसेन नगर फाटक के पास वाहनों की लाइन देखी जा सकती है।आखिर प्रशासन सुध क्यों नहीं ले रहा है, यह बात समझ से बाहर है। चर्चा है कि उच्च अधिकारी सर्फ अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। उन्हें आमजन की परेशानी से कोई लेना देना नहीं है। यहां के जन प्रतिनिधि भी सब कुछ जानते हुए चुप बैठे हैं। यह सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात मानी जा रही है। कुल मिलाकर चूरू प्रशासन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पीएम नरेंद्र मोदी की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

# भजन संध्या में बालाजी के भजनों पर बही भक्ति की रसधार

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** गढ़ वाले बालाजी मंदिर में गत मंगलवार रात को आयोजित भजन संध्या में श्री बालाजी के भजनों पर भक्ति की रसधार बह उठी। श्रद्धालु देर रात तक झूमते गाते रहे। जिसमें बालाजी का गुणगान किया गया। कलाकारों ने बालाजी के एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुंदर भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते गाते रहे। भजनों पर कलाकारों ने भी जमकर तालियां बटोरी। कार्यक्रम संयोजक संदीपसिंह राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। भजन संध्या में मण्डावा नपा अध्यक्ष नरेश सोनी, गायक कलाकार रमजान रिजवी, बनवारी लाल, नवीन नाथ महाराज, दिनेश कालोया, नंदकिशोर यादव, सत्यनारायण शर्मा, कैलाश शर्मा, अरुण देवड़ा, दिनेश देवड़ा, प्रमोद देवड़ा, मयंक देवड़ा, शशीकांत सैनी, संदीप परिहार, किशोर सिंह, श्याम सिंह, संदीप सिंह, दुर्गेश शर्मा, राजेश शर्मा, राजकुमार निर्वाण, भामाशाह मनोज भादूपोता, कमलेश जोशी, किशोर सिंह राठौड़, संदीप सिंह, कुलदीप सिंह, श्याम सिंह आदि ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में दिनेश देवड़ा, सुनील जोशी, पार्षद शशीकांत बागवान, मंयक देवड़ा, गोपाल सैन, पार्षद संदीप परिहार, नन्द किशोर यादव, सीए विनायक शर्मा, तेजपाल सैन, चौथमल शर्मा शुभम थलिया सहित सैकडों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एससी/एसटी समाज का अपमान करने का आरोप, शिकायत दर्ज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सोशल मीडिया पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर और अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का एक मामला सामने आया है। आरोप है कि रतनगढ़ तहसील के जांदवा निवासी करतार सिंह ने एक रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इस रील में उसने डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया और एससी/एसटी समाज के लोगों के लिए जातिसूचक गालियां दीं। यह वीडियो वायरल होने के बाद समाज में आक्रोश फैल गया। इस मामले को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश सचिव एडवोकेट अशोक पंवार ने कोतवाली थाने में एक परिवाद प्रस्तुत किया है। परिवाद में बताया गया है कि वायरल वीडियो से न केवल संविधान निर्माता का अपमान हुआ है, बल्कि पूरे एससी-एसटी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। एडवोकेट पंवार ने अपनी शिकायत में यह भी कहा कि इस तरह के वीडियो से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने जोर देकर कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर करोड़ों लोगों के आदर्श और संविधान के शिल्पकार हैं, और उनके खिलाफ ऐसी आपत्तिजनक भाषा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। एडवोकेट अशोक पंवार ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि पुलिस प्रशासन की ओर से समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की जाती है, तो एससी/एसटी समाज और कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। पुलिस ने परिवाद के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, वायरल वीडियो की तकनीकी जांच की जा रही है। तथ्यों की पुष्टि होने के बाद आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बुनकर बस्ती में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ। कथा व्यास भागवताचार्य महाराज मदन स्वामी ने व्यासपीठ पर विराजमान होकर कथा का श्रवण कराते हुए भक्तों को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर किया। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण के वात्सल्य और असीम प्रेम के साथ उनकी विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज ने रासलीला, मथुरा गमन, कंस वध, शिशुपाल वध और सुदामा चरित्र का मार्मिक विवरण सुनाकर वर्तमान समाज में व्याप्त अत्याचार, कटुता और व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कथा के दौरान यह संदेश दिया गया कि प्रेम और भक्ति के मार्ग से ही समाज में सच्चा परिवर्तन संभव है, हिंसा या क्रोध से नहीं।

# कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने संपर्क पोर्टल व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपर्क पोर्टल व साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आमजन से प्राप्त परिवादों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में कृषि विभाग की ओर से खाद व बीज की उपलब्धता की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने आगामी कृषि सीजन को देखते हुए पर्याप्त भंडारण, समय पर आपूर्ति व कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए डॉ. गर्ग ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने, पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा फील्ड स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में एडीएम अजय कुमार आर्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी व संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सम्मान चयन पर उठे सवाल, नगर की स्मृतियों को भुलाने का आरोप

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** नगर की एक सार्वजनिक संस्था द्वारा हाल ही में आयोजित सम्मान समारोह को लेकर लक्ष्मणगढ़ में चर्चा का माहौल गर्म है। कार्यक्रम में नगर के करीब 11 व्यक्तियों को सम्मानित किए जाने के बाद नगर के जागरूक नागरिकों और बुद्धिजीवियों के बीच चयन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि सम्मान पाना न तो अपराध है और न ही सम्मानित व्यक्ति अयोग्य, लेकिन जब नगर रत्नों को पहचानने की बात हो, तो वरीयता, इतिहास और त्याग को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। नगरवासियों का कहना है कि लक्ष्मणगढ़ की धरती ने ऐसे अनेक महामानव दिए हैं, जिन्होंने बिना किसी मंच, प्रशस्ति-पत्र या संस्था के सम्मान के, जीवन भर गरीब, वंचित और जरूरतमंदों की सेवा की। पंडित रामाकिशन (जय शंकर की), वेंकटेश पारीक, नंदकुमार शास्त्री, चिरंजी लाल मिश्र, सुवालाल काबरा, शंकर लाल काबरा, बाबा रामदेव, चौथमल वेद, गोपाल जैन, रामोतार डिडवानिया, गोरधन शेखावत, बिरमादत्त वर्मा, गोपीराम कम्पाउंडर, विश्वनाथ चमड़ियां, चिरंजी लाल मुरारका, वेणी प्रसाद शर्मा, अयोध्या प्रसाद शर्मा, नथमल दाधीच, नथमल तोदी, मन्मथ कुमार मिश्र और श्याम सुंदर सर्राफ जैसे नाम नगर की सामाजिक स्मृति का अहम हिस्सा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एक निजी संस्था, जो न तो इतिहास की प्रहरी है और न ही जनादेश की प्रतिनिधि, यदि ऐसे व्यक्तित्वों को भुलाकर सम्मान समारोह आयोजित करती है, तो यह आयोजन सेवा से अधिक दिखावा प्रतीत होता है। उनका कहना है कि यदि सामाजिक सरोकारों का दावा करने वाली संस्थाएं नगर के सच्चे जनसेवकों को भूल जाएं, तो उद्देश्य पर सवाल उठना स्वाभाविक है।नगर के प्रबुद्ध वर्ग का मानना है कि जनता का सम्मान किसी भी मंचीय सम्मान से बड़ा होता है। जिन लोगों को जनता ने अपने दिलों में स्थान दिया है, उनके कद के सामने औपचारिक सम्मान छोटे साबित होते हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने लक्ष्मणगढ़ में सम्मान की परिभाषा, चयन प्रक्रिया और सामाजिक जिम्मेदारी पर एक नई बहस छेड़ दी है वही इस तरह की खबरें सोशल मीडिया पर भी बहस का मुद्दा बन रही है जो पिछले दो दिन से सोशल मीडिया के माध्यम से जारी है।

## भागवत कथा में सुनाए अनेक प्रसंग

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नलिया बास में सार्वजनिक सेवा समिति की ओर से आयोजित श्रीमदभागवत कथा के द्वितीय दिवस पर व्यास पीठ पर विराजमान पंडित भवानी शंकर पारीक ने कहा कि मल मास महीने मे धार्मिक कार्य करने का बहुत बड़ा पुण्य बताया है। कथा में ध्रुव चरित्र, राजा परीक्षित और कलयुग के प्रसंग सुनाए। पंडित चंद्र प्रकाश ने पूजा अर्चना संपन्न करवाई। समिति के सदस्य ईश्वर चंदोलिया, बाबूलाल यादव, डालम चंद तंवर, गोरधन टाक, धर्मवीर स्वामी, निर्मल तंवर, अनिल पंवार, रोहित टाक, अनिल स्वामी आदि ने व्यवस्था संभाली। संचालन संदीप जोशी ने किया।

### नाम परिवर्तन

मै बालकिशन पुत्र रामवातर निवासी वार्ड नं. 8 राजलदेसर जिला चुरू का निवासी हूँ । मेने मेरा नाम बालकिशन सें बदलकर बालकिशन प्रजापत रख लिया हैं भविष्य में मुझे बालकिशन प्रजापत के नाम सें पहचाना जावे ।

**बालकिशन पुत्र रामवातार निवासी वार्ड नं 8**
**राजलदेसर जिला चुरू राजस्थान**

### कार्यालय नगर पालिका मण्डल खण्डेला (सीकर) राज.

कमांक: बपाख/ 2025 2026/4414 दिनांक- 30-12-25

**लोक-सूचना**

श्रीमान अनिल कुमार अग्रवाल, विकास अग्रवाल, दीपिका गोयल, सुमित्रा देवी, उतम प्रकाश अग्रवाल, किरण देवी, सुनील अग्रवाल, सुशील अग्रवाल तहसील खण्डेला जिला सीकर राज0 खातेदार की ओर से गोपाल कृष्ण उर्फ किशन लाल पुत्र आनन्दी लाल ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग के हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिवृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| खण्डेला सीकर | मेहरो की ढाणी | 2081/2 | 0.0600 है. |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अधिकृत अधिनियम 1953 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है। और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 30.12.2025 को जारी की गई है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका खण्डेला**

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.स./ 2025 26/11385 दिनांक 30/12/25

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आंवटन ) नियम 2012 के तहत भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार राजस्थान नगरपलिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के तहत जावासीय प्रयोजन हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावली के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अंदर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.स | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती शांती देवी पत्नी श्री किशोरीलाल प्राजापत | वार्ड न. 35 राजलदेसर | 116.17 वर्गमीटर | 69-क |
| 02 | श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री रमेश कुमार नाई | वार्ड न. 13 राजलदेसर | 131.16 वर्गमीटर | 69-क |
| 03 | श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री शंकर शर्मा | वार्ड न. 34 राजलदेसर | 146.37 वर्गमीटर | 69-क |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका राजलदेसर**

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक- 5066-5080 दिनांक :- 2312-2025

**ई-निविदा सूचना संख्याः 45/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp//eproc.rajasthan.gov.inThttp//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2526A4837

| S.No | UBN NO. |
|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB19375 |

DIPR/C/19239/2025

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड चूरू**

### कार्यालय ग्राम पंचायत - श्यामपुरा, प. स. पाटन सीकर

क्रमांक- 2025-26/107 दिनाक : 30-12-25

**निविदा सूचना सं. 06-21/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा नियम 181 अन्तर्गत कार्यों की खुली निविदाएं आमंत्रित की जा रही है। जिसे आज दिनांक 30-12-25 से 05-01-2026 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान निविदा प्रपत्र को देखा जा सकता है अथवा http://sppp.raj.nic.in पर भी देखा जा सकता है जिसका NIB code PKP2526A0164 तथा UBN- PKP2526 WSOB00242 से PKP2526 WSOB00257 तक है

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत श्यामपुरा**
**पंचायत समिति पाटन (सीकर)**

### OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DAL-PATPURA P.S. PATAN (SIKAR)

S.NO.-92 DATE : 31/12/2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 13.01.2026, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc. raj. nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS : 800000/-

UBN No. PKP2526WSOB00258

**PRASHASHAK**
**G.P. DALPATPURA**

**VDO**
**G.P. DALPATPURA**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
1 जनवरी, 2026

## प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** भारत सरकार में एमएसएमई विभाग की ओर से तारानगर नगरपालिका में आयोजित स्वयं सहायता समूह प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ जिसमें भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने शामिल होकर प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। जांगिड़ ने कहा कि स्वय सहायता समूह की ओर से किया गया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है। प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से निश्चित तौर पर महिलाएं आगे बढ़ रही हैं और समाज में अपनी नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास व आर्थिक स्वावलंबन का परिचय देकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी पूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी अजय प्रताप सिंह, शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, पार्षद शिवकुमार शर्मा, ट्रेनर जगदीश प्रसाद, आराधना शर्मा, कविता शर्मा, लालचंद रैगर, नरेश झाझड़िया सहित काफी महिलाएँ मौजूद रही।

## झुग्गी बस्ती में लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के समाज सेवी भामाशाह अमर सिह चारण की प्रेरणा से उनके पुत्र गुरुकुल एज्यूकेशन ग्रुप के संचालक सुभाष चारण के सौजन्य से कस्बे के झुग्गी झोंपड़ियों में निशुल्क जांच शिविर लगाया गया। यहां रहने वाले युवा बच्चों व बुजुर्गों की निशुल्क जांच कर उन्हें दवा वितरित की गयी। उप जिला अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर देवीलाल जोशी ने इन्हे निशुल्क परामर्श दिया। अमरसिह चारण ने इन्हे नववर्ष की बधाई देते हुए मिठाई वितरित की।

## सी.सी. सड़क व नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** नगरपालिका रतनगढ़ क्षेत्र के वार्ड संख्या 39 व 40 में किराना स्टोर से सलीम तेली के घर तक प्रस्तावित सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि की ओर से किया गया। उक्त निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 14.01 लाख रुपये है। उद्घाटन समारोह में वार्डवासियों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक श्री अभिनेश महर्षि का पुष्पहार पहनाकर व मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री अभिनेश महर्षि ने कहा कि इस निर्माण कार्य से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और नाली निर्माण से जलभराव की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश महर्षि, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रूंथला, मंडल मंत्री भीमराज प्रजापति, रामोतार दायमा, बाबू गौरी, सुमित पंवार, महेश इंदौरिया, स्वरूप सिंह, सुशील इंदौरिया, साबू सिंह, सुनील कम्मा, सलीम खान, चतुर्भुज प्रजापत सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## अल्पसंख्यक समुदाय के दर्जनों लोगों ने थामा आरएलपी का दामन



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में अल्पसंख्यक समुदाय के दर्जनों लोगों ने आज आर एलपी को ज्वाइन किया। कस्बे के इमाम बाड़े में आयोजित राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी द्वारा आयोजित बैठक हुई। जिसमें रतनलाल बिजारणियां, किसन सोनी, रामकुमार नाई, सीताराम बिस्सु, विजयपाल कड़वासरा ने अल्पसंख्यक दर्जनों लोगों को आरएलपी का दुप्पटा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। कि रतनलाल ने कहा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का पूरे शहर में गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर विस्तार करेंगे।अन्याय और शोषण के खिलाफ लड़ेंगे। राजलदेसर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी नगरपालिका चुनाव में सभी वार्ड से अपने उम्मीदवार उतारेगी। नई विकास की लहर आएगी। कार्यक्रम में आरएलपी के ब्लाक स्तर के कार्यकर्ताओं और आम जन मौजूद रहे।

# केकेसी इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह

### संस्कृति, शिक्षा और प्रतिभा का संगम


जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के केकेसी ग्रुप ऑफ एजुकेशन की गौरवशाली संस्थाएं केकेसी इंटरनेशनल स्कूल व बालिका स्कूल का वार्षिकोत्सव विद्यालय प्रांगण में अतुलनीय भव्यता, हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर रंगबिरंगी सजावट, पुष्प-वर्षा और तालियों की गड़गड़ाहट से मानो जीवंत हो उठा हो। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के रूप में विधायक अनिल शर्मा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजवी, प्रवीण भाटिया, गोविन्द सिंह राठौड़, ओमदत सहारण आदि का गरिमामय स्वागत संस्था परिवार की ओर से माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह देकर अतिशय सौहार्द व सम्मान के पारम्परिक भाव से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के मधुर स्वरलयों के बीच हुआ। जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। कक्षा पांच के प्रतिभाशाली बच्चों ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर मंच का मंगलाचरण किया। वहीं नर्सरी के नन्हे-मुन्ने नटखट बालकों ने मेरे चंदा मामा पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभागार को आनंदमय लहरों से सराबोर कर दिया। बालिका स्कूल की छात्राओं की ओर से प्रस्तुत पारंपरिक घूमर नृत्य ने राजस्थान की लोक-सांस्कृतिक विरासत का अनुपम चित्र मंच पर उकेरा, एलकेजी वर्ग के बच्चों की मनु भाई की मोटर प्रस्तुति ने विद्यालय प्रांगण में उल्लास का इंद्रधनुष सजा दिया। इसके पश्चात कक्षा पांच के विद्यार्थियों ने कृष्ण-लीला महारास का दिव्य मंचन कर दर्शकों के हृदयों को भक्ति भाव से सरोबार कर दिया। कार्यक्रम का स्वर्णिम पक्ष तब आया जब सत्र 2024-25 व 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन व अलंकरण से विभूषित किया गया। सत्र 2024-25 में कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम रहने पर नमन स्वामी पुत्र रामप्रताप स्वामी व हर्षवर्धन सिंह राठौड़ पुत्र राजेन्द्र सिंह राठौड़ खींवणसर प्रत्येक को संस्था की ओर से राशि 11000 का चैक पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। इसी क्रम में सत्र 2023-24 में कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में प्रथम रही छात्रा हंशिका राठौड़ पुत्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ व छात्र अशोक सहारण पुत्र धनाराम सहारण मेहरावणसर प्रत्येक को राशि 5100 के चैक पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। इसी प्रकार कक्षा आठ व पांच बोर्ड परीक्षा में ए प्लस ग्रेड प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत कर सम्मानित किया गया। केकेसी पीजी महाविद्यालय की होनहार छात्रा शालू सुथार को एमएससी कंप्यूटर साइंस में संपूर्ण विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल अर्जित करने के लिए मुख्य अतिथियों की ओर से मंच पर सम्मानित किया गया। यह क्षण कार्यक्रम का गर्व स्वरूप बन गया। विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्या कोमल शेखावत की ओर से प्रस्तुत किया गया। जिसमें शिक्षा, गतिविधियों, उपलब्धियों व संस्थान की निरंतर प्रगति का विस्तृत विवरण संप्रेषित किया गया। समारोह में पधारे मुख्य अतिथि विधायक अनिल शर्मा ने कहा की विद्यालय वह भूमि है जहाँ भविष्य के सपनों के बीज बोए जाते हैं और उन्हें कर्म, अनुशासन और मार्गदर्शन के जल से सींचा जाता है। शिक्षा केवल परीक्षा में अंक लाने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को उद्देश्य, चरित्र और दिशा प्रदान करने का उपक्रम है। शिक्षाविद प्रवीण भाटिया ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा की बच्चे केवल कक्षा की चारदीवारी में नहीं, बल्कि अनुभवों के मैदान में भी सीखते हैं। इसलिए शिक्षा का अर्थ केवल अंकों की गिनती नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सीखना है। आज यह मंच आपकी आशाओं, आपके विश्वास और आपके सपनों का प्रतिबिंब है। अभिभावक और शिक्षक यदि मिलकर साथ खड़े हो तो कोई भी लक्ष्य बच्चों की पहुंच से दूर नहीं रह सकता। उपनिदेशक, शिक्षा निदेशालय चूरू गोविन्द सिंह राठौड़ ने कहा कि विद्यालय केवल ज्ञान देने का स्थान नहीं, बल्कि मानव निर्माण का सर्वोच्च केंद्र है। शिक्षा पुस्तकों के पन्नों से आगे बढ़कर आत्मविश्वास, नेतृत्व, संस्कृति और मानवीय मूल्यों को विकसित करती है। केकेसी संस्थान की ओर से किए जा रहे प्रयास वाकई प्रशंसनीय हैं। ऐसे संस्थान ही समाज में संस्कारित, जागरूक और सक्षम नागरिकों की नींव रखते हैं। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत सहारण एवं जितेन्द्र सिंह राजवी ने भी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को प्रोत्साहन के संदेश दिए। संस्था निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने कहा कि केकेसी ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन का ध्येय केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि चरित्रवान, संस्कारित और आत्मबल से परिपूर्ण राष्ट्रनिर्माता तैयार करना है। कार्यक्रम में केकेसी इंटरनेशनल स्कूल व बालिका स्कूल के कर्मठ, निष्ठावान व समर्पित शिक्षकों, कर्मचारियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कक्षा दस की छात्राएं अनुष्का, घानिष्ठा, निकिता, नेहा व दीपिका ने इंडियन क्लासिकल डांस प्रस्तुत कर सभागार से भरपूर सराहना व वाह-वाहियां अर्जित की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान ने अपने हार्दिक आभार-प्रस्ताव में अतिथियों, अभिभावकों व समस्त उपस्थित का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालक रामनिवास नाई की जीवंत वाणी व आकर्षक प्रस्तुति से निरंतर गूंजता रहा। कार्यक्रम में केकेसी ग्रुप ऑफ एजुकेशन की सभी संस्थाओं का सम्पूर्ण स्टाफ ने अपनी उपस्थिति से इस भव्य आयोजन का गौरव बढ़ाता हुआ नजर आया।

## श्याम सहारा परिवार का पंचम मासिक कीर्तन

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय प्राचीन श्याम हनुमान मंदिर संचालित श्याम सहारा परिवार का पंचम मासिक कीर्तन श्याम प्रेमी पुरुषोत्तम जांगिड़ के रघुनाथ अस्पताल के सामने स्थित आवास पर श्रद्धा व उल्लास के साथ आयोजित हुआ। कीर्तन के दौरान बाबा श्याम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।कार्यक्रम की शुरुआत बाबा की दिव्य ज्योत प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुई। श्याम सहारा परिवार के सुरेश बीबीपुरिया ने बताया कि भजन संध्या में भजन गायक सवाई सिंह चौहान, विनय तमोली, सिद्धि शर्मा, खुशी पुजारी, सुनील सोनी, मनीष सेन सहित स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते-नाचते रहे और पूरा माहौल श्याम भक्ति से सराबोर हो गया।कीर्तन स्थल पर बाबा का दरबार फूलों, गजरों व रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया। फूलों व इत्र की वर्षा ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कीर्तन के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर यजमान पुरुषोत्तम जांगिड़, सुभाष जांगिड़, नथमल भंडारी, मनोज (गोपी) जाजोदिया, संजीव खाटू वाला, राकेश नाउवाला, मनोज कुमार खींची, चंद्रप्रकाश चेजारा, रमेश कुमावत, प्रवीण पुजारी, प्रदीप शर्मा, शंकरलाल सैनी, कन्हैयालाल सैनी, रोहित सैनी, महेश सोनी, अंकुर गोयल सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे। बाल कलाकार विनीत बीबीपुरिया ने भी प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के यजमान पुरुषोत्तम जांगिड़ व जांगिड़ परिवार की ओर से सभी श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश बीबीपुरिया ने किया।

## कामधेनु गौसेवा समिति की नई कार्यकारिणी गठित

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** टीकमदास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौसेवा समिति के मीडिया प्रभारी जयप्रकाश सोनी ने बताया कि संस्था की नई कार्यकारिणी का गठन निर्वाचन अधिकारी संदीप शर्मा की ओर से किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वर्तमान अध्यक्ष रविंद्र शर्मा के स्थान पर किशोर सिंह चौहान को बनाया जाए। वही युवा टीम को मौका देते हुए उपाध्यक्ष प्रियांशु टांक को बनाया गया। इसके साथ ही संदीप परिहार, टेगेंद्र सिंह, मनीष शर्मा, रजत सुरोलिया, हिमांशु सैनी, रेवंत सिंह आदि को नए सदस्य बनाया गया। सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया। इन सभी सदस्यों को सचिव मधुसूदन स्वामी ने पद व गोपानियता की शपथ दिलाई। नए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों को वरिष्ठ सदस्य सज्जन लाल दिनवावाला ने माला और दुप्पटा पहनाकर स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी जयप्रकाश सोनी ने बताया कि उप रजिस्ट्रार झुंझुनूं कार्यालय की ओर से अनुमोदन के बाद सभी सदस्य विधि सम्मत कार्य ग्रहण कर तन मन धन से संस्था के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष किशोर चौहान ने कहा कि गौवंश की सेवा करना ही पहला उद्देश्य रहेगा। समिति गौसेवा के नये आयाम रचेगी। इस अवसर पर संदीप शर्मा, राजेश रणजीरोत, सुभाष टेलर,राकेश स्वामी, सज्जन लाल दिनवे वाला, मुकेश गुर्जर,अरुण शर्मा, पशुपति शर्मा, नरोत्तम चेजारा, कपिल, अनूप शर्मा, संजय, साहिल सैनी, सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

## अम्बेडकर पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध, थानाधिकारी को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** सोशल मीडिया पर किसी महापुरुष या समाज विशेष पर गलत टिप्पणी करने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई को ज्ञापन देकर सख्त कार्रवाई की मांग की गई हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रतनगढ़ तहसील के जांदवा गांव के एक युवक ने वीडियो बनाकर अनुसूचित जाति-जनजाति समाज और संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ अम्बेडकर को जातिसूचक गालियां निकली और बाबा साहेब के लिए अपमानजनक बातें कही हैं। वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सरदारशहर में अनुसूचित जाति-जनजाति समाज में आक्रोश देखा जा रहा हैं। समाज के लोगों नें मिलकर थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई को ज्ञापन सौंपकर ऐसे असमाजिक तत्व पर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में ओमकार बाली, गुरू धानका, सतपाल मेघवाल, भानुप्रकाश दानोदिया, बाबूलाल मेघवाल साजनसर, सुनील चांदेल, अनिल चिरानिया, मुकेश मेघवाल, अरविन्द लावा, सुरजीत मूनपुरिया, उम्मेद मेघवाल, संदीप नायक, हेतराम बरोड़ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर में आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स




**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन बौद्धिक सत्र के अंतर्गत आपदा प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त कनिष्ठ अभियंता, समाजसेवी विनोद शर्मा ने डेमोन्स्ट्रेशन के माध्यम से विद्युत करंट से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने दुर्घटना की स्थिति में किए जाने वाले प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी देते हुए स्वयंसेवकों को सतर्कता के महत्व से अवगत कराया। इस दौरान स्वयंसेवकों की ओर से पूछे गए प्रश्नों के उन्होंने व्यावहारिक उत्तर दिए।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। दीप प्रज्वलन विनोद शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आनंद शर्मा व घनश्याम वर्मा की ओर से किया गया।इससे पूर्व प्रातःकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत श्रमदान किया। वहीं, शिविर के अंतिम सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## लुमास में पौषबड़ा महोत्सव कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** संकट मोचन बालाजी धाम लुमास का बास में बुद्धवार को पौषबड़ा महोत्सव मनाया गया। पंडित केशर देव ने बताया कि सुबह सकट मोचन बालाजी मन्दिर की सजावट की गई।ओर नई पोशाक पहनाई गई।इस मौके पर सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ व आरती की गई।आरती के बाद सभी श्रद्धालु के लिए दाल का बड़े ओर हलवा का प्रसाद बनाया गया। सभी श्रद्धालुओं ने मिलकर प्रसाद लिया और आने जाने वाले राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया। पौष बड़ा महोत्सव कार्यक्रम में सभी समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

## एसडीएम वर्मा ने लिया नेत्रदान का संकल्प, नेत्रदान को बताया महादान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र प्राणनाथ होस्पीटल गांविमं की टीम की ओर से उपखण्ड अधिकारी रामकुमार वर्मा से सम्पर्क कर नेत्रदान जागरूकता प्रचार सामग्री भेंट की गई। नेत्रदान सम्बन्धी विभिन्न जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि यह केन्द्र चूरू जिले का एकमात्र है। जहां नेत्रदान की सुविधा 24 घन्टे उपलब्ध है। मात्र एक टेलीफोन से नेत्रदाता के घर से नेत्र संग्रह किया जाता है। उपखण्ड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने नेत्रदान का संकल्प पत्र भरकर अपनी स्वीकृति दी। उन्होंने नेत्रदान को इस युग का महादान बताते हुए कहा कि इससे दो नेत्रहीनों का जीवन रोशन किया जा सकता है। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी एवं प्राणनाथ होस्पीटल के नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी व तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत उपस्थित रहे।